दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 50
कोटद्वार शनिवार
10 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी: सीएम

**देहरादून।** आमजन को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले इसके लिए सभी जनपदों में नियमित बहुद्देशीय शिविर लगायें जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकांश जन समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही हो। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए टोल फ्री नम्बर 1064 का बोर्ड सभी कार्यालयों में लगे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। भ्रष्टाचार से संबंधित विजिलेंस को जितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उन पर की गई कार्यवाही की विजिलेंस से नियमित रिपोर्ट ली जाए। मुख्यमंत्री ने सभी एस.एस.पी को निर्देश दिये कि जनपद स्तर पर विवेचना से संबंधित जो मामले एक साल से अधिक समय से लम्बित हैं, अभियान चलाकर तीन माह के अन्दर उनको निस्तारित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विवेचना संबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण हो। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग की पहली समीक्षा बैठक के दौरान ये निर्देश वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारियों एवं एस.एस.पी को दिये।



मुख्यमंत्री धामी ने बैठक में निर्देश दिये कि ग्राम सभाओं की चौपालों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा माह में कितनी बार भ्रमण किया जा रहा है। इसका भी कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग पूरा अपडेट रखे। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जिलाधिकारी नियमित ग्रामसभा चौपालों में जाएं और अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को भी भेंजे। ग्राम भ्रमणों की मासिक रिपोर्ट, बीडीसी एवं तहसील दिवस की मासिक रिपोर्ट एवं उनमें प्राप्त शिकायतें और उनके निस्तारण के लिए की गई कार्यवाही की नियमित रिपोर्ट कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग को भेजें। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिये कि जन समस्याओं के निस्तारण के लिए जन प्रतिनिधियों एवं आम जन के फोन रिसीव न करने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश अधिकारी फोन रिसीव न कर पा रहे हैं, तो बाद में अवश्य कॉल बैक करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़वाल एवं कुमांऊ कमिश्नर अपने मण्डलों में जन समस्याओं के त्वरित निदान एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए नियमित समीक्षा करें।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि बरसात का समय शुरू होने वाला है। सभी जिलाधिकारी जिन क्षेत्रों में जल भराव होता है, मलवा आने की संभावनाएं होती हैं, इनके समाधान के लिए अभी से पूरी कार्ययोजना बना लें। वर्षाकाल के दृष्टिगत सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखें। जिला अधिकारी जनपदों में प्रतिमाह आय-व्ययक की भी समीक्षा बैठक करें। मुख्यमंत्री घोषणाओं पर जनपदों में प्रगति की नियमित समीक्षा कर रिपोर्ट भेजी जाए। जनपदों में जिन दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य किये जा रहे हैं, उनमें तेजी लाई जाए। तात्कालिक रूप वाले कार्यों को समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। सड़कों की स्थित हर जगह सही हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जनपदों में जिन महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, यदि उनमें किसी स्तर पर विलंब हो रहा है, तो जिलाधिकारी इसकी सूचना शीघ्र शासन को दें। सभी जनपदों में जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि डेंगू एवं मलेरिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। बैठक में सचिव विनय शंकर पाण्डेय, सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग दीपक कुमार गैरोला, वर्चुअल माध्यम से कमिश्नर कुमांऊ दीपक रावत, सभी जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार थी भ्रष्टाचार की दुकान: चंद्रशेखर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के 10 साल एक खोए हुए दशक की तरह थे और इसने भ्रष्टाचार की दुकान देखी। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान पिच पर भी कटाक्ष किया और उन्हें विदेशी पर्यटक कहा।

इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत अपने इतिहास में सबसे रोमांचक अवधि देख रहा है क्योंकि यह प्रधानमंत्री के नीतिगत निर्णय और प्रभाव के कारण नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। चंद्रशेखर ने कहा, 2004 से 2014 तक की अवधि को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई प्रगति की दृष्टि से देखें तो इसका सबसे उपयुक्त वर्णन होगा भ्रष्टाचार की दुकान।

उन्होंने कहा, "यह वह दौर था जब 2जी घोटाला हुआ, एंट्रिक्स-देवास घोटाला हुआ... निवेशक भारत छोड़ रहे थे और बीएसएनएल पूरी तरह से तबाह हो गया।" उन्होंने कहा, "यूपीए का 2004-2014 का दशक खो गया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के साथ शुरू हुआ दशक भारत के तकनीकी विकास का दशक है।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) 2004 और 2014 के बीच सत्ता में थी।

## दो हजार के नोट बिना आईडी प्रूफ के बदलने का विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा दो हजार के नोट को लेकर लिए गए फैसले पर आपत्ति जताई गई थी। ये याचिका अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर की गई थी। कोर्ट की अवकाशकालीन बेंच ने कहा कि इससे पहले एक बेंच कह चुकी है कि याचिकाकर्ता गर्मी की छुट्टी के बाद चीफ जस्टिस से सुनवाई का अनुरोध करें।

दरअसल, हाल ही में दो हजार के नोटों को वापस लेने का एलान किया था। आरबीआई ने कहा था कि दो हजार के नोट किसी भी बैंक में जमा या बदलवा सकेंगे। इसके लिए ना तो किसी तरह की आईडी देनी होगी और ना ही किसी तरह फॉर्म भरना होगा। याचिकाकर्ता ने इसी को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।इससे पहले, दिल्ली हाईकोर्ट ने भी आरबीआई की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

## मौसम फिर बदलेगा, कई जिलों में भारी बारिस की चेतावनी

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम फिर से पलटी मारने वाला है। मौसम विभाग ने 10 जून से लेकर 13 जून तक उत्तराखंड में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए पुलिस-प्रशासन चारधाम यात्रा मार्ग पर विशेष सर्तकता बरता रहा है।

उत्तराखंड में मौसम की मनमर्जियां जारी है। बेमौसम बरसात और बर्फबारी से न सिर्फ चारधाम यात्रा में अड़चने आ रही है, बल्कि किसानों को भी बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## गवाहों ने दर्ज करवाए बयान, भारी पुलिस बल के साथ पेश हुए आरोपी

### अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में पेश हुए अंकिता हत्याकांड के आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड के मामले में दो और गवाहों के बयान दर्ज किये गए। इस दौरान तीनों आरोपियों को भारी पुलिस बल के बीच अदालत में पेश किया गया। न्यायालय परिसर में सुबह से ही भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया था।



अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपी

कोटद्वार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व मृतका की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अजय पंत ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत में दो गवाहों मनवीर और आयुष के बयान दर्ज किए गए। उन्होंने जानकारी दी कि मृतका के पिता ने सरकारी अधिवक्ता को केस से हटाने के लिए एक पत्र कोर्ट को भी दिया है। मालूम हो कि बीते वर्ष जनपद पौड़ी के गंगा भोगपुर स्थित वनन्तरा रिजॉर्ट से 18 सितंबर को लापता हुई अंकिता भंडारी का शव 24 सितंबर को चीला बैराज के पास मिला था। मृतका कुछ समय से ही रिजॉर्ट में बतौर रेसेप्टिनिस्ट कार्य कर रही थी। इससे पहले 23 सितंबर को पुलिस ने हत्या मानते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद रिजॉर्ट स्वामी पुलकित आर्य और रिजॉर्ट के दो मैनेजर सौरभ भास्कर व अंकित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में प्रदेशवासियों ने जगह-जगह प्रदर्शन करते हुए सरकार से आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की थी।




# सरकार की योजनाओं को दुरूस्त क्षेत्रों तक पहुंचाएं



नई टिहरी : राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष राकेश राजपूत ने किसानों से जुड़े विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में ली। बैठक में कृषि, उद्यान, उरेडा, मत्स्य पालन, सहकारिता, दुग्ध एवं पशुपालन आदि विभागों की किसानों के हितों के लिए चलाई जा रही विकास परक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान राजपूत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों के हितों की योजनाओं को हर किसान तक पहुंचायें, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। प्रत्येक विभाग की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली तथा विभागों के पास क्या–क्या संसाधन उपलब्ध हैं और क्या–क्या कमियां हैं। विस्तृत जानकारी ली। समीक्षा के दौरान अधिकारी को निर्देश दिए कि पशुओं का बीमा करवाना एवं किसानों को सरकार द्वारा दी जा रही सभी प्रकार की सुविधाओं का प्रचार प्रसार समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में करना सुनिश्चित करें। सरकार की चलाई जा रही योजनाओं को जनपद के दुरुस्त क्षेत्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी को निभायें। कहा जहां पॉलीहाउस दिया जाता है। उसका सही उपयोग हो रहा है या नहीं इसका भी समय–समय पर विभागीय कार्मिकों द्वारा निरीक्षण किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद–बीज किसानों को समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि कास्तकार समय पर उसका उपयोग कर सकें। किसान सम्मान निधी के सम्बन्ध में कृषि विभाग को निर्देश दिये कि यदि कोई किसान ऑनलाईन आवेदन करने में असमर्थ है, तो ऑफलाइन आवेदन करवाकर सम्बन्धित को लाभ पंहुचाये। इस अवसर पर डीडीओ सुनील कुमार, सीवीओ आशुतोष जोशी, जिला उद्यान अधिकारी रामस्वरूप वर्मा, सहायक निबंधक सहकारिता सुभाष गहतोड़ी, उरेडा अधिकारी एमएम डिमरी एवं प्रदेश किसान मोर्चे के उपाध्यक्ष गोविंद रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकाम : ज्योति

गौचर : महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने गौचर में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के राज में महिला अपराध चरम पर है। अंकिता हत्याकांड हो या महिला पहलवानों का उत्पीड़न। सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकाम रही है।

शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति गैरोला का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। गढ़वाल और कुमाऊं दौरे के दौरान शुक्रवार को गौचर में बैठक लेते हुए ज्योति रौतेला ने कार्यकर्ताओं के साथ आगामी निकाय व लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति बनाई। वहीं भाजपा सरकार की नाकामियों जैसे महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिला अपराध पर सरकार की विफलता को जन-जन तक पहुचाने के निर्देश दिए।

# गोपेश्वर महाविद्यालय में नाटक का मंचन, दर्शक तालियां बजाने को मजबूर

गोपेश्वर : महाविद्यालय गोपेश्वर एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन गोपेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में गोपेश्वर महाविद्यालय में शिक्षा की ललक के प्रति तमाम बाधाओं से जूझती और सफल हुई बेटी की संघर्ष की प्रेरक कहानी नाटक का मंचन किया।

समाज में बिटिया शीर्षक नाम से मंचित इस नाटक में रंगकर्मियों ने समाज में विद्यमान जातीय भेदभाव और बालिकाओं के प्रति उदासीन नजरिए पर तंज करते हुये हर हालत सामना करते आगे बढ़ती बेटी कहानी को नाटक के जरिए जीवन्त किया। रंगकर्मियों ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर किया।

नाटक में गांव की एक लड़की सोनाक्षी के शिक्षा के लिए संघर्ष की कहानी मंचित की गई। सोनाक्षी किस तरह उच्च शिक्षा के लिए अपने परिवार और समाज से जूझते हुए आगे बढ़ती है, पढ़ती है और अंत में मुकाम हासिल करती है। संघर्ष की इस जीवंत स्थिति को नाटक के जरिए शानदार ढंग से मंचित किया गया। नाटक की निर्देशक मीनाक्षी ने बताया कि समाज में आज भी लड़कियों के साथ अपराध बहुत बड़ी संख्या में हो रहे हैं। बालिकाओं को हर घड़ी संघर्ष करते हुये आगे बढ़ना होता है। समाज का दृष्टिकोण महिलाओं के प्रति आदरणीय और उसके अस्तित्व को स्वीकार करने के बनाने की जरूरत है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रचना नौटियाल ने कहा कि नाटक मंचन से सामाजिक मुद्दों को बेहतरीन तरीके से अभिव्यक्त किया जा सकता है। कार्यक्रम संयोजक अंग्रेजी विभाग प्रभारी डीएस नेगी ने कहा कि रंगमंचीय अभिनय से छात्र छात्राओं का व्यक्तित्व विकास होता है। इस अवसर पर प्रो. स्वाति नेगी, प्रो. बीसी शाह, डॉ. जेएस नेगी, डॉ. रमाकांत यादव, डॉ. एसके लाल, अंग्रेजी परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, भीम सिंह, पवन नेगी, पवन कुमार, भावना सती आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## रैश ड्राइविंग में चार डंफर समेत 10 वाहन सीज

देहरादून। मालदेवता रोड पर रैश ड्राइविंग और स्टंट बाजी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ शुक्रवार को अभियान चला। रायपुर थाना पुलिस ने इस दौरान 10 वाहन सीज किए। अन्य नियम तोड़ने पर 15 वाहनों का चालान करते हुए आठ हजार रुपये का अर्थदंड वसूला गया। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि मालदेवता चौकी इंचार्ज राजीव धारीवाल संग टीम बनाकर चेकिंग शुरू की गई। रैश ड्राइविंग और तेज गति में वाहन दौड़ाने पर चार डंफर, एक कार, एक पिकअप, एक स्कूटर और तीन बाइक को सीज किया गया। इन वाहनों के चालकों का लाइसेंस निलंबित करने के लिए पुलिस परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेज रही है।

# स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर हो रही तैयारी

नई टिहरी : आगामी 18 जून को सुबह 8 से 12 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद टिहरी गढ़वाल में वृहत स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। अभियान के दौरान स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाने का काम भी किया जायेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। जिसके तहत जनपद के सभी विद्यालय, सभी ब्लाक, नगर पंचायतों, मंदिर समितियों, व्यापार संगठनों, सामाजिक संगठनों एवं आम जनमानस को सम्मिलित होने का आह्वान किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए जिला जज योगेश कुमार गुप्ता व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सीनियर सिविल जल आलोक राम त्रिपाठी ने बताया कि इस दिन सभी न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, सभी प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारीगण मिलकर जनपद के विभिन्न चयनित स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलायेंगे। कार्यक्रम का आरंभ एक स्वच्छता शपथ के साथ किया जाएगा। जिसके बाद 12 बजे तक निरंतर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। इससे पूर्व आगामी 12 एवं 13 जून को विद्यालयों में स्वच्छता विषय पर ड्राइंग एवं स्लोगन राइटिंग कंपटीशन भी आयोजित किया जायेगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को जिला जज के हाथों पुरूस्कृत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभियान में आर 4 पर जोर रहेगा। जिसके तहत आर 1 अर्थात रिफ्यूज के तहत पालीथिन व प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग न करने व न करने पर दे पर रहेगा। आर 2 अर्थात रिड्यूज के तहत इन वस्तुओं को प्रयोग कम करने पर फोकस किया जायेगा। आर 3 अर्थात फेंकने के बजाय कचरे का रियूज किये जाने का संदेश दिया जायेगा और आर 4 अर्थात रिसाइकल के तहत बेकार व अनुप्रयोगी वस्तुओं को यहां-वहां फेंकने के बजाय उनको रिसाइकल के लिए देने का काम करने पर जोर दिया जायेगा।

## बुनियादी समस्याओं का प्राथमिकता से होगा हल : डीएम

उत्तरकाशी : नौगांव ब्लॉक के दूरस्थ गांव कफनौल का भ्रमण कर स्थानीय लोगों की समस्याओं और क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों का जायजा लेने पहुंचे डीएम अभिषेक रुहेला ने कहा कि क्षेत्र में बागवानी, शिक्षा, पानी और स्वास्थ्य सहित बुनियादी जरूरतों की जो भी समस्या है उनका प्राथमिकता के आधार पर हल किया जायेगा। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत डीएम अभिषेक रूहेला ने बुधवार को कफनोल गांव पहुंचे। जहां डीएम ने गांव में स्थित विद्यालय, पेयजल योजना, मनरेगा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित विभागों के कार्मिकों को जरूरी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवासों की प्रगति की समीक्षा की ओर दैवीय आपदा से स्थानीय ग्रामीण जगमोहन सिंह पंवार के क्षतिग्रस्त भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि खेतों की घेरबाड़ के लिए मनरेगा के तहत योजना बनाएं तथा कृषि विभाग भी इस काम में सहयोग करेगा। इस मौके पर ग्रामीणो ने मौसम में आये आकस्मिक बदलाव के कारण सेब की फ्लावरिंग पर बुरा प्रभाव पड़ने से हुए नुकसान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।

# पुलिस ने श्रद्धालु का खोया हुआ पर्स लौटाया

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम यात्रा पर आये श्रद्धालु प्रदीप ठाकुर जो कि ठाणे, मुम्बई से आये थे, उनका पर्स मन्दिर परिसर में खो गया था, इनके द्वारा अपने स्तर से पर्स को ढूंढने का काफी प्रयास किया गया था, पर नहीं मिल पाया था। इनके द्वारा अपने परेशानी ड्यूटी पर तैनात पुलिस कार्मिकों को बतायी गयी। मन्दिर परिसर में ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी प्रशिक्षु हेमचंद मठपाल ने उक्त पर्स को ढूंढकर श्रद्धालु को लौटाया। श्रद्धालु के इस पर्स में कुल 12500 रूपये और जरूरी कागजात आधार, पैनकार्ड, डीएल थे, अपना पर्स सकुशल वापस पाकर श्रद्धालु ने उत्तराखण्ड पुलिस का आभार प्रकट किया गया। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस का ह्लऑपरेशन मुस्कानह्व केदारनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालुओं के चेहरों पर मुस्कुराहट ला रहा है।

केदारनाथ धाम आये श्रद्धालु देवानन्द मोहन्ती, निवासी पुरी, उड़ीसा का मोबाइल फोन खो गया था, इनके द्वारा अपनी परेशानी ड्यूटी पर तैनात पुलिस कार्मिकों को दी गयी। मुख्य आरक्षी प्रशिक्षु हेमचंद मठपाल ने अपने स्तर से किये गये प्रयासों के बाद उक्त खोये हुए फोन को ढूंढकर श्रद्धालु को वापस किया गया। श्रद्धालु ने अपना फोन वापस पाकर उत्तराखण्ड पुलिस का आभार प्रकट किया गया। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस का ह्लऑपरेशन मुस्कानह्व केदारनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालुओं के चेहरों पर मुस्कुराहट ला रहा है। केदारनाथ धाम यात्रा पर आन्ध्र प्रदेश से आयी के0 लक्ष्मी जी जिनका कि पर्स मन्दिर परिसर में कहीं खो गया था, उनके द्वारा बताया गया कि उनके पर्स में उनके लाये हुए नगद 30000 रुपये व उनके जरूरी कागजात हैं, काफी प्रयास करने पर भी उनको उनका पर्स नहीं मिल रहा है। उनकी इस समस्या को सुनकर आरक्षी मोहन सिंह बोहरा ने अपने स्तर से ढूंढखोज की व स्थानीय दुकानदारों व यात्रियों से भी पर्स के बारे में पूछा गया।

अपने स्तर से ढूंढखोज करते हुए उनको मन्दिर परिसर के पास लगी बैंच में रखा गुलाबी रंग का थैलानुमा बैग दिखा। उसे उठाकर लाने पर श्रद्धालु को दिखाने पर उनके ऑखों में चमक आ गयी, क्योंकि वह यही बैग था, जिसे कि वे पर्स बता रही थीं।

## एक नजर

### नाबालिग को भगाने के आरोप में युवक को जेल भेजा

उत्तरकाशी : हिमाचल प्रदेश की सीमा से लगे आराकोट चौकी क्षेत्र के अंतर्गत दो नेपाली मूल की नाबालिग लड़कियों को भगाने के आरोप में गिरफ्तार युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में तहरीर मिलने पर गुरुवार देर शाम मुकदमा दर्ज किया था। बता दें कि मुजफ्फरनगर के समुदाय विशेष के युवक नवाब पर हिन्दू बताकर नेपाली मूल की दो नाबालिग सगी बहनों को भगाकर अपने साथ ले जाने के प्रयास का आरोप है। गुरुवार को इस मामले में स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। जिसके खिलाफ आराकोट चौकी में परिजनों ने तहरीर दी थी। आरोप है कि वीडियो कॉल करके आरोपी ने 16 और 14 वर्ष की दोनों किशोरियों को बहला फुसलाकर मुंबई में नौकरी दिलाने का झांसा दिया और गुरुवार को त्यूणी में मिलने को बुलाया था। कहा था कि मुंबई में नौकरी दिलाने के बाद शादी करके वहीं रहेंगे। मिलने पर ज्ञात हुआ कि उक्त युवक दूसरे समुदाय का है। थानाध्यक्ष मोरी मोहन कठैत ने बताया कि मामले में गिरफ्तार आरोपी को सक्षम न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। (एजेंसी)

### असामाजिक व गलत कृत्य करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा

उत्तरकाशी : पुरोला और मोरी में नाबालिग प्रकरण को लेकर जिले में अशांति के माहौल के बीच पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट सुरेन्द्र सिंह भण्डारी की अध्यक्षता में थाना बड़कोट पर पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस ने स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में सीओ बड़कोट ने नगरपालिका अध्यक्ष, स्थानीय व्यापार मंण्डल, होटल एसोसिएशन एवं सभी संगठन के लोगों से आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शान्ति व कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए आमजन की सुरक्षा पर जोर दिया।

# फॉर्च्यूनर कार दौड़ रहे रईसजादे ने आईएमए के पास दो जूनियर अफसर को उड़ाया

देहरादून। प्रेमनगर थाने के सामने से तेज रफ्तार गुजरी रईसजादे की फॉर्च्यूनर कार ने थाना गेट से करीब सवा सौ मीटर आगे सेना के दो जूनियर कमीशन अफसरों को उड़ा दिया। टक्कर इतनी तेज लगी कि स्कूटर सवार सैन्य कर्मी दूर जाकर गिरे। कार भी आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके एयर बैग भी खुल गए। मौके से पुलिस ने कार और स्कूटर को कब्जे में ले लिया है। घायल दोनों जूनियर अफसरों को उपचार के लिए मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद कार मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया। हादसा गुरुवार रात करीब सवा 11 बजे आईएमए गेट संख्या छह पर हुआ। यह गेट प्रेमनगर थाने के पास है। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि स्कूटर सवार सेना के दो कर्मी बल्लूपुर चौक की तरफ प्रेमनगर की तरफ जा रहे थे। उन्होंने थाने से पहले आईएमए के गेट संख्या छह में प्रवेश के लिए सड़क दांयी ओर क्रॉस करने की कोशिश की। इस दौरान सामने तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार आ रही थी। उसने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर भीषण हुई कि आवाज सुनकर आसपास के लोग दहल गए। भीड़ जुटी तो थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। स्कूटर सवार सूबेदार मेजर दयाराम जोशी (55) और नायब सूबेदार अनूप सिंह (46) हाल निवासी बैंड कम्पनी आईएमए देहरादून गंभीर घायल सड़क किनारे पड़े थे।

## पेंशनर्स ने उठाई गोल्डन कार्ड की खामियां दूर करने की मांग

देहरादून। सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक (प्रशासन) डा विनोद टोलिया और वित्त अधिकारी डीएस चौहान से मुलाकात कर गोल्डन कार्ड की समस्याओं को दूर करने की उठाई है। प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र सिंह कृषाली के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जिन पेंशनरों के मासिक अंशदान में अधिक कटौती की गयी हैं, उक्त धनराशि प्राथमिकता पर वापस की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने आहरण – वितरण अधिकारी स्तर पर चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों को राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के पास भेजे जाने पर रोष व्यक्त करते हुए, ऐसे मामलों में कार्यवाई की मांग की गई।

ऐसे प्रकरण ज्यादातर शिक्षा विभाग में देखने को मिल रहे हैं। कृषाली ने कहा कि यदि कोई पेंशनर अब फिर गोल्डन कार्ड में शामिल होना चाहता है तो उन्हें इसका मौका दिया जाए। साथ ही जो इस योजना में शामिल नहीं हैं, उनके लिए पूर्व की तरह चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाए।

# एनएचएम कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार से अस्पतालों में परेशानी



देहरादून। वेतन, बीमा, सामाजिक सुरक्षा, ईपीएफ समेत अन्य मांगों के पूरा न होने पर आक्रोशित एनएचएम कर्मचारियों ने अस्पतालों में शुक्रवार को कार्य बहिष्कार किया। उन्होंने कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो वह 12 जून को एमडी एनएचएम का घेराव करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सुनील भंडारी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ। रमिन्दर सिंह ने बताया कि प्रदेशभर में शुक्रवार को सभी अस्पतालों एवं कार्यालयों में कार्य बहिष्कार किया गया। शासन, निदेशक स्तर पर उनकी मांगों पर अमल नहीं होने से आक्रोश है। देहरादून के जिला अस्पताल कोरोनेशन में कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया, जिससे लैब, डीआईसी, टीबी कार्यक्रम, वार्डों, कार्यालय, ओपीडी में कार्य बाधित रहा। इमरजेंसी में बहिष्कार नहीं किया गया। इस दौरान सुषमा मल्होत्रा, जगमाया, काजल, आरती, मनीष तोमर, सोवित, अंजनेत, गौरव, अमित वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अवैध अतिक्रमण हटाने के दिशा निर्देश दिए



देहरादून जनपद में अतिक्रमण से बाधित सड़कों एवं फुटपाथों से अतिक्रमण हटाए जाने हेतु जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका के निर्देशन पर आज संयुक्त टीम द्वारा आईएमए बल्ड बैंक के समीप चकराता रोड के फुटपाथ पर कब्जा बनाए बैठे अवैध अतिक्रमण को दिया गया हैं। जिसमें करीब 20 परिवारों के द्वारा फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण किया गया था। जिससे शहर के आगमन के सुविधा को बाधा उत्पन्न होने के साथ ही एक्सीडेंट इत्यादि हो रहे थे। जिलाधिकारी ने उक्त अवैध अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए, अवैध अतिक्रमण को हटाने हेतु जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर उक्त स्थल पर अवैध अतिक्रमण हटाने के दिशा निर्देश दिए। निर्देश के अनुपालन में संयुक्त टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त स्थल से जेसीबी लगाकर सभी अवैध अतिक्रमण हटा दिए गये हैं। साथ ही टीम द्वारा शहर के अवैध अतिक्रमण पर चेतावनी दी गई है कि अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लिया जाए अन्यथा भारी अर्थदण्ड की कार्यवाही के साथ ही सामग्री जब्त कर ली जाएगी।

## बंद मकान में चोरी

देहरादून। चाचा के घर गई महिला के मकान से चोरों ने कीमती सामान व गहने चोरी कर लिए। घटना तीन और चार जून की रात में हुई। भट्टा मोहल्ला झाझरा निवासी सीमा बिष्ट ने प्रेमनगर पुलिस को शिकायत की है।उन्होंने बताया कि यह मकान उन्होंने तीन साल पहले बनाया था। वह अपनी माता पिता और भाई व भाभी के साथ मुंबई में रहती हैं। बीते दो माह से वह घर आई हुई थीं। बीते तीन जून को वह किसी काम से अपने चाचा के घर गई हुई थीं। जब वह चार जून को लौटी तो घर के ताले टूटे मिले। अंदर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। चोर टीवी, लैपटॉप, कैश और कीमती जेवरात चुर ले गए थे। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# नए भर्ती हुए सिपाहियों में 100 को साइबर वॉरियर बनाया जाएगा

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस हिस्सा बने नए सिपाहियों में से 100 को साइबर वॉरियर बनाया जाएगा। इस दक्षता के लिए पहली बार ट्रेनिंग में कंप्यूटर तकनीकी प्रशिक्षण को शामिल किया जा रहा है।

ट्रेनिंग के दौरान उनके कई स्तरों पर टेस्ट लिए जाएंगे। इन टेस्ट में पास होने के बाद ही उन्हें साइबर वॉरियर की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन सभी को साइबर क्राइम के खिलाफ काम करने को विभिन्न थानों और साइबर पुलिस स्टेशनों में तैयार किया जाएगा।

हाल में 1425 युवा बतौर कांस्टेबल पुलिस का हिस्सा बने हैं। इनकी ट्रेनिंग के मॉड्यूल में तकनीकी चुनौतियों को देखते हुए बदलाव किया गया है। कानूनी किताबों का भी सरलीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही पहली बार इनके कोर्स में कंप्यूटर को भी जोड़ा जा रहा है। ताकि, उन्हें शुरूआत से ही साइबर क्राइम के खतरे से निपटने में महारत हासिल हो सके। डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि इन सिपाहियों में से 100 सिपाहियों को साइबर वॉरियर के तौर पर चुना जाएगा। इनके लिए सबसे पहले बेसिक कंप्यूटर की जानकारी का टेस्ट लिया जाएगा। इसके बाद साइबर और इससे जुड़ी बारीकियों को परखा जाएगा।

# महासू महाराज की देव पालकी निनूस गांव पहुंची,हुआ भव्य स्वागत

विकासनगर। मैंद्रथ मंदिर से बागड़ी पूजन प्रवास पर निकली बाशिक महासू महाराज की देव पालकी शुक्रवार को त्यूणी से निनूस गांव के लिए रवाना हुई। इससे पूर्व त्यूणी की लोक निर्माण विभाग कॉलोनी में गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक देव दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा है। गुरुवार देर रात दो बजे तक श्रद्धालु भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते रहे। माटल बस्ती, अस्पताल रोड, गेट बाजार, लोनिवि कालोनी, शिवपाल नगर तक टौंस नदी के दोनों छोर पर बाशिक महाराज के जयकारे गूंजते रहे। यहां हर पांचवें वर्ष में बाशिक महासू की देव पालकी को पूजन के आमंत्रित किया जाता है। गुरुवार रात से शुक्रवार दोपहर तक देव पालकी त्यूणी में रही। इस दौरान पूरे बाजार में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यहां से गुजरने वाले यात्रियों ने भी अपने वाहनों से उतर कर देव पालकी दर्शन किए। देवता ने त्यूणी के बाशिंदों को टौंस नदी किनारे बने कइलू मंदिर के जीर्णोद्धार के आदेश दिए। दोपहर बाद देव पालकी के निनूस गांव के लिए प्रस्थान के दौरान त्यूणी के बाशिंदों ने आस्था और श्रद्धा के साथ विदा किया।

निनूस में भी शुक्रवार सुबह से देवता के स्वागत की तैयारियां शुरू हो चुकी थीं। गांव की सीमा पर भव्य स्वागत द्वार का निर्माण किया गया। स्वागत द्वार पर ग्रामीण युवतियां फूलों से भरा थाल लिए खड़ी थी।

## 425 ग्राम चरस संग पूर्व महिला प्रधान सहित दो गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली विकासनगर की कुल्हाल पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने चरस तस्करी के आरोप में एक पूर्व महिला प्रधान समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों से पुलिस ने 425 ग्राम चरस बरामद की है। दोनों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी महिलाओं को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत के गोडसे को देशभक्त कहने पर भड़के कांग्रेसी

विकासनगर। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा नाथूराम गोडसे को देश भक्त बताने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उबाल है।

शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने पहाड़ी गली चौक पर प्रदर्शन कर पूर्व सीएम को पार्टी से निष्कासित करने की मांग भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से की। कांग्रेस शहर अध्यक्ष कितेश जायसवाल ने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन के नायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को देशभक्त कहना शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है। इससे भाजपा की देशभक्ति की पोल भी खुलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से ही देश विरोधियों और असामाजिक तत्वों को देशभक्त मानती है। ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर ने कहा कि महात्मा गांधी सिर्फ भारत के राष्ट्रपिता ही नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में शांति के मसीहा के तौर पर उनका सम्मान किया जाता है। पूरा विश्व आज भी गांधी दर्शन का अनुसरण करता है। कहा कि सिर्फ राष्ट्रपिता के चश्मे को स्वच्छ भारत अभियान के पोस्टर में लगाने से उन्हें सम्मान नहीं दिया जा सकता है, बल्कि उनके नजरिए से दुनिया को देखने का सलीका भी भाजपाइयों की सीखना होगा। पूर्व पालिकाध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी पूरे विश्व के लिए एक विचारधारा हैं, जिन्हें गुलामी के दौर में अंग्रेजों ने भी सम्मान दिया।

## वनाग्नि के प्रति लापरवाहन अधिकारी-कर्मचारी पर होगी कार्यवाही

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि जो अधिकारी-कर्मचारी वनाग्नि के प्रति गंभीरता से कार्य नहीं करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। कहा कि जो व्यक्ति आग लगाते हुए पकड़ा जाता है उस पर तत्काल कार्यवाही करें। कहा कि जंगलों में आग लगने पर तत्काल कंट्रोल रूम को उसकी जानकारी दें।

वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने ब्लाक स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी बनायें रखें। वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम की बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन वनाग्नि की रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम को देने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि समय-समय पर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करें। बैठक में एसएसपी श्वेता चौबे, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, उपजिलाधिकारी सदर मुक्ता मिश्रा, मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. आनंद भारद्वाज, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद्र, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# संगठन की मजबूती के लिए एक जुट होने का लिया संकल्प

### भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित किया गया महाजनसंपर्क अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारतीय जनता पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान में कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने अनुभव साझा किए।

भारतीय जनता पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बदरी केदार मंदिर समिति के सदस्य पुष्कर जोशी की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन का आरंभ करते हुए जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने नए एवं पुराने कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा अध्यक्ष और कोटद्वार विधानसभा विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण का स्वागत किया। सम्मेलन में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तराखंड आंदोलन, मुजफ्फरनगर कांड, राम मंदिर आदि पुरानी यादों को नए कार्यकर्ताओं को बताया गया। कहा कि उस समय की विषम परिस्थितियों के बाद भी उन्होंने पार्टी की मजबूती के लिए कार्य किया। कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में राष्ट्रहित में कार्य करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम ऊंचा कर रही है।



महाजनसंपर्क अभियान का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि

कई वरिष्ठ कार्यकर्ता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भावुक हो गए। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने पार्टी की मजबूती के लिए सबको मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता उमेश त्रिपाठी, राकेश मित्तल, निर्मला नैथानी, आशा डबराल, दर्शन सिंह बिष्ट, सुमित गर्ग, अर्चना शर्मा, सेवक राम मानूजा, रामेश्वरी देवी, विमला शुक्ला, विजय लखेड़ा आदि ने अपने अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर सभी प्रकोष्ठ संयोजक ऋषि कंडवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन सिंह रावत, प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, जिला उपाध्यक्ष जंग बहादुर सिंह रावत, जिला मीडिया प्रभारी विनोद रावत, जिला मंत्री राकेश देवरानी, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज भाटिया, भाबर मंडल अध्यक्ष हरि सिंह पुंडीर और कालागढ़ मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी चौधरी सहित सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शासकीय अधिवक्ता को हटाने की मांग, किया प्रदर्शन



अंकिता भंडारी हत्याकांड में सरकारी अधिवक्ता को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी व अन्य

### न्यायालय में आरोपितों की पेशी के दौरान कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अंकिता भंडारी हत्याकांड में सरकार की ओर से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक (शासकीय अधिवक्ता) को हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस व अन्य लोगों ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। कहा कि शासकीय अधिवक्ता मामले को लापरवाही कर रहे हैं।

शुक्रवार को अंकिता भंडारी हत्याकांड के आरोपियों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया। इस दौरान अंकिता के पिता भी शासकीय अधिवक्ता को हटाने की मांग को लेकर न्यायालय में पहुंचे हुए थे। इस दौरान काग्रेस ने पीड़िता के पिता को अपना समर्थन देते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश परिसर के प्रवेश द्वार पर प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा सरकार आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक (शासकीय अधिवक्ता) को हटाने के लिए पीड़ित के पिता लगातार आवाज उठा रहे हैं। बावजूद सरकार लापरवाह बनी हुई है। अंकिता के पिता ने भी शासकीय अधिवक्ता को हटाने के लिए न्यायालय में पत्र दिया। इस मौके पर कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल, बलवीर सिंह रावत, प्रवेश रावत, रूपेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# यूसेट परीक्षा करवाने की उठाई मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बीएड प्रशिक्षित महासंघ ने राज्य में अविलम्ब यू सेट परीक्षा कराने व परीक्षा की तिथि निश्चित करने की मांग की है।

इस संबध में प्रशिक्षितों की बैठक में प्रवक्ता अरविन्द दुदपुड़ी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्य में राज्य पात्रता परीक्षा यू सेट कराने को हरी झंडी मिल गयी है साथ ही परीक्षा कराने की जिम्मेदारी कुमाऊं विश्वविद्यालय को सौंपी गयी है, लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक यू सेट की विज्ञप्ति जारी नही की गयी है। कहा कि इस परीक्षा के माध्यम से राज्य के युवाओं को सरकारी डिग्री कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य के युवा इस परीक्षा का इंतजार लंबे समय से कर रहे है। अभी तक राज्य में यह परीक्षा एक ही बार कराई गई है। मौके पर राज्य सरकार से यू सेट परीक्षा आयोजित करने की मांग की गई। बैठक में अजय खंतवाल, अभिनव बौंठियाल, प्रदीप नेगी, आशीष डोभाल, हिमांशु द्विवेदी, दीपक डोबरियाल, भारत रावत, ज्योति नेगी, शिवानी नेगी, बीना, आलिया, निधि व अंकिता आदि मौजूद थे।

# प्रदेश अध्यक्ष ने डा. बुड़ाकोटी को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने साहित्यकार व शिक्षाविद् डा. पद्मेश बुड़ाकोटी को सम्मानित किया।

गुरुवार देर शाम कोटद्वार पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने देवी रोड स्थित डा. पद्मेश बुड़ाकोटी के आवास पर पहुंच उन्हें सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डा. बुड़ाकोटी के पृथक राज्य आंदोलन में दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने तार्किक ढंग से राज्य आंदोलन को आगे बढ़ाया। वहीं राज्य आंदोलनकारी के साथ पत्रकार के रूप में भी लेखनी के माध्यम से आंदोलन को धार देते रहे। कहा कि डा. पद्मेश बुड़ाकोटी ने उत्तराखंड आंदोलन का दस्तावेज नामक पुस्तक का लेखन कर आंदोलन के संपूर्ण इतिहास को संजोने का भी कार्य किया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, ऋषि कंडवाल, उमेश त्रिपाठी, पंकज भाटिया आदि मौजूद रहे।



डा. पद्मेश बुड़ाकोटी को सम्मानित करते प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट

# गडोली में पिंजरा लगाने की मिली अनुमति, गश्त जारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल के गडोली और तमलाग गांव में वन विभाग की गश्त जारी है। उक्त गांवों में गुलदार के हमलों के बाद ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। हालांकि अभी तक यहां गुलदार दोबारा दिखाई नहीं दिया है। वन विभाग ने यहां ट्रैपिंग कैमरे भी लगाएं हुए हैं।

गडोली में पिंजरा लगाने की अनुमति भी मिल गई है। गुलदार ने गडोली में दस साल की बालिका पर हमला कर दिया था, जबकि तमलाग में भी एक युवक पर हमला कर घायल किया था। दोनों का उपचार जिला अस्पताल पौड़ी में किया गया। गडोली निवासी आरुषि को डीएम के हस्तक्षेप के बाद हायर सेंटर में भी दिखाया गया। हायर सेंटर में उपचार के बाद आरुषि घर वापस भी आ गई। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वनिल अनिरुद्ध ने बताया कि टीमें दोनों जगहों पर गश्त कर रही है। गुलदार पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों से भी कहा गया कि यदि गुलदार की कोई गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल सूचित करे और पूरी एतियात भी बरते, खास्ाकर शाम के समय। मुआवाजे को लेकर डीएफओ ने कहा कि घायलों को उनकी मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। मुआवजे की एक राशि फौरी तौर पर पहले ही दे दी गई है। वहीं रिखणीखाल में एक बुजुर्ग पर बाघ के हमले को लेकर डीएफओ ने कहा कि इस बाबत रेंज से रिपोर्ट मांगी गई है। प्रथमदृष्टा इस मामले में जांच कर ही कुछ कहा जा सकता है।

# धूमधाम से निकाली बालाजी की रथ यात्रा, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

### श्री बाला जी वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन निकाली गई शोभा यात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : श्री बालाजी मंदिर वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन शहर में बैंडबाजों के साथ बालाजी की रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बालाजी के रथ को खेंचकर अपने परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की। रथ के साथ विभिन्न मनमोहक झांकियां भी चल रही थी।

बदरीनाथ मार्ग स्थित टाटा मोटर्स के पास से निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि लैंसडौन विधायक दिलीप रावत व वीरेंद्र सिंह रावत ने किया। इसके उपरांत बैंडबाजों की धुन के साथ शहर में बालाजी के रथ व शिव पार्वती की झांकी, खाटू श्याम, श्री राधाकृष्ण की झांकी, हनुमान जी की झांकी निकाली गई।



श्री बाला जी वार्षिकोत्सव के मौके पर शहर में निकली झांकी

शोभा यात्रा में बालाजी का डोला आकर्षण का केंद्र रहा। बदरीनाथ मार्ग से शुरू होते हुए झांकी झंडाचौक, नजीबाबाद रोड से होते हुए वापस बालाजी मंदिर में पहुंची। सड़क पर विभिन्न संगठनों की ओर से शोभा यात्रा के लिए जल-पान और प्रसाद के स्टाल लगाए गए थे। सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बालाजी की भव्य शोभायात्रा के दर्शन किए। बाला जी मंदिर सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को बालाजी को छप्पन भोग लगाए जाएंगे। साथ ही रात्रि भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा।

## धार्मिक आधार पर न हो अपराध का फैसला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नागरिक कल्याण मंच, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, सीटू, भारतीय किसान सभा ने देश व राज्यों में बढ़ती हिंसा और सांप्रदायिक उन्माद की घटनाओं पर विरोध दर्ज करते हुए सांकेतिक धरना दिया। विभिन्न संगठनों ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर किसी भी अपराध का फैसला धार्मिक आधार पर न किए जाने और किसी को भी भीड़ हिंसा और नफरत फैलाने की अनुमति न दिए जाने आदि की मांग की।

इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक विनोद चमोली ने कहा कि जिस तरह से देश ही नहीं उत्तराखंड राज्य में भी भीड़ हिंसा और सांप्रदायिक उन्माद की घटनाएं सिलसिलेवार तरीके से हो रही हैं। यह अफसोस जनक है। उन्होंने निंदा करते हुए कहा कि इस तरह के उन्माद को रोकने के लिए शासन और प्रशासनिक मशीनरी कोशिश नहीं करती। इस मौके पर सरदार सिंह रावत, जसपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह रावत, नरेश चंद्र नौडियाल, विमल कुमार बहुगुणा, मनोज डंडरियाल, सुखदेव सिंह नेगी आदि मौजूदगी रही।

## पीएम मोदी से सीख लेकर कार्य करना होगा : रावत

**श्रीनगर गढ़वाल** : विधानसभा श्रीनगर क्षेत्रांर्गत खिर्सू में भाजपा का वरिष्ठ कार्य सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में पांच मंडलों के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल का कार्यकाल देश में बिना भेदभाव के हर किसी को योजनाओं का लाभ दिया गया है। कहा कि केंद्र सरकार जो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित हो कर कार्य कर रही है। उसी तरह प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं को भी पीएम मोदी से सीख लेकर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार की योजनाओं को घर-घर, गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक पूर्व दायित्वधारी राज्य मंत्री अत्तर सिंह असवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, राज्य सहकारी संघ के अध्यक्ष मातबर सिंह रावत, संपत सिंह रावत, रमेश मंद्रवाल, अनिल भंडारी, मनीषा बहुगुणा, जितेंद्र धिरवांण, नरेंद्र भंडारी, आनंद सिंह नेगी, भवानी रावत, बसंती नेगी, राजेंद्र प्रसाद टम्टा, हरि सिंह बिष्ट, नरेंद्र सिंह रावत, सीता देवी सहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# ट्यूबवेल की मोटर खराब, ग्रास्टनगंज में गहराया पेयजल संकट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर एक ग्रास्टनगंज में एक बार फिर से ट्यूबवेल की मोटर फुंकने से पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। आक्रोशित वार्डवासियों ने जल्द समस्या के निकराकरण की मांग की है। कहा कि गर्मी शुरू होते ही मोटर खराब होने लगती है।

ग्रास्टनगंज में स्थापित ट्यूबवेल से सनेह क्षेत्र के ग्रस्टनगंज, रतनपुर, कुंभीचौड़ आदि क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की जाती है। पिछले दो दिनों से ट्यूबवेल की मोटर फुंकने से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। गर्मी में क्षेत्र के लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।



पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते वार्डवासी

स्थानीय नागरिक राजेश थपलियाल ने जल संस्थान पर लोगों को परेशान करने का आरोप लगाया।

कहा कि प्रत्येक एक से दो महीने में ट्यूबवेल की मोटर फुंक जाती है, जिसकी मरम्मत में विभाग कई दिन लगा देता है। बार-बार फुंक रही मोटर का विभाग कोई समाधान नहीं निकाल पा रहा है, जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## धर्मांतरण को रोकने के लिए बनाया जाएं सख्त कानून

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड गो सेवा आयोग के सदस्य धर्मवीर गुसाईं ने प्रदेश में धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की है। कहा कि आए दिन देव भूमि को धर्मांतरण से बचाने के लिए गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए।

इस संबंध में गो सेवा आयोग के सदस्य ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। कहा कि पिछले कुछ माह से देश में धार्मंतरण की घटनाएं बढ़ने लगी है। इसका असर उत्तराखंड पर भी पड़ रहा है।

कहा कि देव भूमि धर्मांतरण की घटनाओं से बची रहे इसके लिए सरकार को सख्त कानून बनाना होगा। सरकार को प्रदेश में अब तक हुए धर्मांतरण के आंकड़ों को भी जुटाना होगा। कहा कि धर्मांतरण करने वालों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

# कवियों ने कविताओं से दर्शकों को गुदगुदाया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : ग्रीष्मोत्सव के अवसर पर आयोजित हिंदी गढ़वाली कवि सम्मेलन में कवियों ने समसामयिक, जन समस्या, पलायन विषय पर कविता पाठ कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कवियों ने लोगों को हंसाया-गुदगुदाया। कवियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से समां बांधे रखा।स्थानीय प्रेक्षाग्रह में कवि सम्मेलन में चमोली से आए गढ़वाली कवि मुरली दीवान ने मै खुद ही नि मालुम कि मै कन्मणी इंसान छौ.. के माध्यम से समाजिक बदलाव का सुंदर चित्रण किया। श्रीनगर से आए कवि देवेंद्र उनियाल की कविता ढुंगू ..को दर्शकों ने सराहा। जहां कवि गिरीश पंत मृणाल ने गढ़वाली हास्य व्यंग कविता में गौ आबाद कर्यान झंजियूंन.. प्रस्तुत की वहीं मनोज रावत अंजुल ने यखुली दुःख साणी छै, में मा नी बताणी छै.., हिंदी कवयित्री डा. ऋतु सिंह ने कविता कवि के मरने पर कवि का स्मारक होती है..। गणेश खुकशाल गणी ने जु होणि खाणि यु पैसै छ त ये पैसा दगड़ी किलै नि बढ़णू सुख कख चलिगे.. व हैंसण ज्व हम खालि खीसा मा हैंसदा छा छैंछ क्वी बजार जख मि ल्हे सक्यूं हैंसण नगद य उधार..। विजय कपरवान ने भीष्म यहां लाचार खड़ा है राम तुम्हें आना होगा..। वीरेंद्र खांकरियाल ने हास्य व्यंग के माध्यम से कहा कि जब से वो भूकंप राहत कोष के सर्वे सर्वा बने हैं, लोगों के घर उजड़े और उनके बने हैं..।

डा. आनंद भारद्वाज ने सरल चरित कीरत सरल, सरल देह और वेष, सरल ज्ञात, अज्ञात से सरल किया परिवेश.. प्रस्तुत किया इनके अलावा कैलाश पंवार, प्रमेन्द्र नेगी, अंजली दूदेजा और मयंक सुंदरियाल, रश्मि आदि कवियों ने भी काव्य पाठ किया। इस मौके पर विमल नेगी, सुरेंद्र रावत, हिमांशु चौहान, आशीष मोहन नेगी, योगंबर नेगी, अजय रावत आदि मौजूद थे। संचालन विजय कपरवान ने किया।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचम कर्मियों ने खोला मोर्चा



अल्मोड़ा : लंबित सात सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचएम कर्मियों ने मोर्चा खोल दिया है। नाराज कार्मिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संगठन के आह्वान पर शुक्रवार को कार्यबहिष्कार पर रहे। बाह में काला फीता बांध विरोध जताया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर कार्मिकों ने कहा कि राज्य स्तर पर कार्मिक हित में नीति बना उत्तराखंड के समस्त एनएचएम कार्मिकों के लिए मृत संवर्ग गठित कर सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने और जब तक मृत संवर्ग गठित करने की प्रक्रिया शासन में लंबित है तब तक वेतन में 30 फीसदी तक की वेतनवृद्धि करने, सुस्पष्ट एचआर पालिसी लागू करने समेत तमाम मांगें कर रहे है। विभिन्न माध्यमों से मांगों के निराकरण को लेकर शासन प्रशासन से गुहार लगा चुके है। लेकिन इसके बाद भी कार्मिकों की समस्याओं पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जा रहीं है। जिससे अब मजबूरन आंदोलन की राह पकड़ने पड़ रहीं है। इधर, कर्मचारियों के कार्यबहिष्कार पर जाने से अस्पतालों में भी सेवाओं पर असर पड़ा। जबकि सीएमओ कार्यालय में भी कामकाज प्रभावित रहा।

## दूषित पानी की आपूर्ति से भाजपा कार्यकर्ता भड़के

रुद्रपुर : नगर में कई दिनों से दूषित व बदबूदार पेयजल आपूर्ति होने से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने जल संस्थान के अफसरों से व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। भाजपा जिला मंत्री भुवन जोशी और किशोर जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता ईई से मिलने कार्यालय पहुंचे। ईई अजय कुमार के नहीं होने पर फोन पर वार्ता कर समस्या से अवगत कराया। मौके पर मौजूद जेई कमल जोशी ने दो–तीन दिन में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि दूषित पानी पीने से गर्मी में संक्रामक रोग फैलने की आशंका है। जेई ने कहा कि प्रदूषित पानी वाली सभी लाइन को चेक कर लीकेज सही कराए जाएंगे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, कारोबारियों में मचा हड़कंप



बागेश्वर : खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भराड़ी के खाद्य पदार्थ की दुकानों में छापेमारी की। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें साफ-सफाई का अभाव मिला। उन्होंने आठ को मौके पर पंजीकरण प्रस्तुत करने तथा साफ-सफाई न रखने पर का नोटिस जारी किया।

विभाग की छापेमारी से कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। मालूम हो कि इन दिनों जिले में गर्मी बढ़ने लगी है। इस मौसम में डायरिया व अन्य बीमारी बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इसकी मुख्य वजह बाजारों में मिलने वाला बासी भोजन माना जाता है। इसके अलावा साफ–सफाई नहीं होने पर भी समस्या बढ़ जाती है। इसे देखेते हुए शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी की। जिला अभिहित अधिकारी प्रकाश चंद्र फुलारा ने बताया कि कई दुकानदारों ने अपना पंजीकरण नहीं कराया था। साथ ही साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान नहीं दिया गया था। ऐसे आठ कारोबारियों को नोटिस जारी किया है। एक सप्ताह के भीतर पंजीकरण कराने के साथ ही साफ-सफाई रखते हुए खाद्य सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने के निर्देश दिए गए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार व जीवन धौनी शामिल रहे। (एजेंसी)

# खबडोली का जंगल तीन दिन से धधक रहा



बागेश्वर : जिला मुख्यालय से लगे खबडोली का जंगल तीन दिन से जल रहा है। दिन-रात जंगल के जलने से आसपास के वातावरण में धुंध छा गई है। लोगों की आंखों में जलन महसूस होने लगी है। इसके अलावा धरमघर रेंज के बिनाड़ी, दोफाड़, कांडा के जंगल भी जल रहे हैं। कपकोट में गुरुवार की देर शाम हुई बारिश के बाद जंगल की आग शांत हो गई है। 15 फरवरी से 15 जून तक का समय फायर सीजन का होता है। इस बार अप्रैल व मई में आग की घटनाएं नहीं के बराबर हुई। इसमें वन विभाग से अधिक मौसम विभाग की मेहरबानी रही। बिगत दो महीनों में लगातार अंतराल में बारिश होने के कारण जंगल जलने से बच गए, लेकिन इधर एक सप्ताह से जंगल जिस कदर जल रहे हैं एक सप्ताह में ही पुराने रिकॉर्ड टूट जाएगा। जिला मुख्यालय से लगा खबडोली का जंगल तीन दिन से लगातार जल रहा है। दोफाड़, कांडा, बिनाड़ी, जाखनी, विजयपुर तथा आसपास के जंगल रात–दिन जल रहे हैं। जंगल जलने से वातावरण में धुंध तथा मौसम में एकाएक गर्मी आ गई है। पांच डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ गया है। लोगों ने वन विभाग से धधक रहे जंगलों की आग पर काबू पाने की मांग की है। इधर बागेश्वर के रेंजर एसएस करायत ने बताया कि खबडोली के जंगल की आग बुझाने के लिए वन कर्मी लगे हैं। जल्द आग पर काबू पा लिया जाएग। (एजेंसी)

## पड़ोसी के साथ मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : कोर्ट के आदेश पर पुलभट्टा पुलिस ने पड़ोसी के साथ मारपीट करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जाबिर पुत्र मो. अयूब निवासी वार्ड 19 सिरौलीकलां किच्छा ने सिविल जज को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि बीती तीन फरवरी को उसकी बहन इशरत फातमा की शादी का कार्यक्रम था। इसलिए वह अपने घर लाइट का काम कर रहा था। इस पर उसका पड़ोसी शकील मना करते हुए गाली देने लगा। आरोप है कि जाबिर के विरोध करने पर शकील अपने पुत्र राशिद व आसिफ, आबिद पुत्र अब्दुल वाहिद व दो अन्य लोगों को लेकर उसके घर में घुस गया। आरोपियों ने लाठी डन्डे के साथ जाबिर पर हमला बोल दिया।

# जल संस्थान कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का धरना चौथे दिन भी जारी

बागेश्वर। लंबित मांगे पूरी नहीं होने पर जल संस्थान कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने कड़ी आपत्ति जताई है। विरोध में उनका धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन जारी रहेगा। मोर्चा से जुड़े कर्मचारी रोजाना की तरह गुरुवार को को जल संस्थान कार्यालय में एकत्रित हुए। यहां अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उनकी लगातार उपेक्षा हो रही है। तीन महीने बाद भी उनके वेतन व ईपीएफ का भुगतान नहीं हुआ है। अल्पवेतन पाने वालों को



भी तीन महीने से आज तक वेतन नहीं दिया गया है। उन्होंने ईपीएफ व वेतन का भुगतान जल्द करने की मांग की है। माग पूरी नहीं होने पर आंदोलन उग्र करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर नवीन चंद्र पांडे, आनंद मेर, खीमांनद पांडे, पूरन सिंह, दिनेश चंद्र, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कल्पना को घर जाकर किया सम्मानित



बागेश्वर। तहसील के दर्शानी, खडेरिया निवासी यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कल्पना पांडे को उनके घर जाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कल्पना पांडे ने उन्हें सम्मान देने के लिए सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। भारतीय स्टेट बैंक गरुड़ शाखा के शाखा प्रबंधक राजवीर सिंह व परमार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र जोशी ने कल्पना पांडे की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उनके घर जाकर उन्हें गिफ्ट व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बैंक के प्रबंधक राजवीर सिंह ने कहा कि आने वाली पीढी को कल्पना की सफलता से प्रेरणा लेनी चाहिए। परमार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र जोशी ने कहा कि पहाड़ के गांवों की बालिकाओं के लिए कल्पना ने सफलता का एक नायाब उदाहरण पेश किया है, यह सबके के लिए गर्व का विषय है।

## शिविर में दी पेंशन की जानकारी

चम्पावत : तामली में लगे प्रशासन के शिविर में अधिकारियों ने 32 लोगों को विभागीय पेंशन की जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग ने तीन लाभार्थियों के यूडीआईडी कार्ड हेतु आवेदन जमा किए। विद्युत विभाग ने 15 बिल जमा किए। सूचना विभाग ने विकास पुस्तिका व कैलेंडर का वितरण किया।

ग्राम विकास विभाग ने छह लोगों के मनरेगा जॉब कार्ड संबंधित आवेदन भरे। आठ जॉब कार्ड वितरित किए। 12 के बीपीएल नवीनीकरण की कार्यवाही व नौ के सत्यापन कर-ाए। पूर्ति विभाग, उद्यान विभाग ने काश्तकारों को सब्जी बीज, कृषि उपकरण आदि वितरित किए।



## उपनल कर्मियों का धरना जारी

बागेश्वर। सेवा विस्तार की मांग को लेकर उपनल कर्मचारियों ने शुक्रवार को नारेबाजी के साथ धरना दिया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उनके आंदोलन को तीन महीने पूरा होने वाले हैं, लेकिन सरकार ने उनकी आज तक सुध नहीं ली। इससे उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। कोरोना काल में पूरी ईमानदारी से काम करने के बाद भी सरकार उनकी सुध नहीं ले रही है। उन्होंने सेवा अवधि बढ़ाने की मांग की। इस दौरान संजय कन्नौजिया, बलवंत नगरकोटी, रीता देवी, ऋतु, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लाख की ठगी



काशीपुर : विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी की पुत्री से एक व्यक्ति ने पांच लाख रुपये हड़प लिए। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। अलीगंज रोड जिंदल साउथ सिटी निवासी ऋचा गुप्ता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह पुणे महाराष्ट्र में पढ़ाई कर रही है। उसके पिता विजय कुमार गुप्ता सेना से सेवानिवृत्त हैं। उसके मौसा हर्षित चौहान पुत्र चंद्र पाल सिंह निवासी गांधी चौक जसपुर में एजुकेशन एंड इमिग्रेशन कंसल्टेंसी चलाते हैं। अप्रैल 2019 में उन्होंने यूरोप में नौकरी दिलाने का ऑफर दिया और 1.40 लाख रुपये प्रतिमाह वेतन बताया। उन्होंने विदेश जाने के लिए कुल खर्चा 14 लाख रुपये का बताया। ऋचा ने अपने पिता से 5 लाख रुपये लेकर पुणे ब्रांच के अपने खाते में डाल दिए। इसी खाते से उसने हर्षित चौहान को दो बार में उक्त राशि ट्रांसफर कर दी। बाद में वह यूक्रेन में नौकरी की बात करने लगा। अब उसका मौसा हर्षित फोन भी नहीं उठा रहा है। दीपावली पर वह पिता के साथ काशीपुर आई और हर्षित चौहान से पैसे मांगे तो उसने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (एजेंसी)

# डीएम ने पेयजल निगम के अधिकारियों का वेतन रोका



चम्पावत : डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने पेयजल निगम के जेई, एई व ईई का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ये कार्रवाई पेयजल योजना का कार्य समय में पूरा नहीं करने पर की। तीनों अधिकारियों का वेतन आहरण कार्य पूरा करने के बाद दिया जाएगा। तामली में गुरुवार को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने बिरगोला से रायल व तामली से रूपालीगाड़ तक सड़क निर्माण, तामली में लिफ्ट पेयजल योजना बनाने, जीआईसी तामली व अस्पताल में भवन निर्माण, गानपुरा से हेलीपैड तक सड़क निर्माण की मांग की। लोनिवि के ईई बीसी पंत ने बताया कि 14 किमी लंबी तामली से रूपालीगाड़ सड़क को स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने बताया कि गढ़ मुक्तेश्वर सड़क आबादी नहीं होने से भारत सरकार ने निरस्त कर दी है। (एजेंसी)

# बीमा धनराशि न मिलने से महिलाएं आक्रोशित

पिथौरागढ़ : कानड़ी की महिलाएं मृत गायों की बीमा धनराशि न मिलने से आक्रोशित हैं। महिलाओं का कहना है कि आवेदन करने के बावजूद विभाग बीमा राशि को लेकर कोई पहल नहीं कर रहा। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द बीमा राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कमला देवी सहित अन्य महिलाओं ने कहा कि पूर्व में उन्होंने हजारों रुपये खर्च कर गाय खरीदी। ताकि दूध का कारोबार कर वह आत्मनिर्भर बन सकें, लेकिन लंपी वायरस के कारण चार गायों की मौत हो चुकी है। उन्होंने गाय खरीदते समय उसका बीमा भी कराया था। बीमारी से गाय के मर जाने के बाद उन्होंने नियमानुसार क्लेम के लिए आवेदन किया, लेकिन कई दिन गुजर जाने के बावजूद उन्हें अब तक भुगतान नहीं हो सका है। कहा कि दुधारू गाय के मौत से पहले से ही वह आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उस पर बीमा राशि न मिलने से उनके लिए घर चलाना भी मुश्किल हो गया है। इस मौके पर कमला देवी, कलावती देवी, संध्या देवी, जानकी देवी,देवकी देवी, दिनेश आर्या आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान

चम्पावत : टनकपुर में नगरपालिका ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान पर्यावरण मित्रों ने चोक हुई नालियों की सफाई के साथ कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया। शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा के निर्देश में ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी ने पर्यावरण मित्रों के साथ मिलकर वार्ड सात, वार्ड आठ, तहसील आदि जगहों में चोक हुई नालियों की सफाई की। ईओ जोशी ने बताया कि डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए दवाईयों का छिड़काव किया। सफाई अभियान में बसंत राज चंद, लक्ष्मण सिंह बोहरा, अनुराग दुबे, विशाल, कमलेश, बित्रा देवी, अशोक, शगुन आदि रहे। (एजेंसी)

# आबकारी विभाग ने कच्ची शराब की 10 भट्टियां पकड़ीं



रुद्रपुर : आबकारी विभाग ने जंगलों में सर्च अभियान चलाकर शराब की 10 भट्टियां पकड़ीं। इस दौरान 5000 लीटर लाहन नष्ट किया। 150 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की गई। जिला आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को आबकारी इंस्पेक्टर नितिन शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने आलावर्दी के जंगलों में छापा मारा। टीम को देखकर शराब तस्कर फरार हो गए। इस दौरान टीम ने 5000 लीटर लाहन नष्ट किया। 150 लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं शराब बनाने के उपकरण, 30 ड्रम भी बरामद किए। शराब की 10 भट्टियों को नष्ट किया। शराब तस्करों ने पेड़ पर ड्रम के अंदर लाहन रखी हुई थी। यहां उपनिरीक्षक जेपी सिंह, देवेंद्र कुमार, दीवान जगदीश कुमार, नितीश भारद्वाज, भुवन चोसाली, विकास रावत मौजूद रहे। (एजेंसी)

# वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार



रुद्रपुर : पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया है। शुक्रवार को गदरपुर थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने बताया कि स्वर्ण सिंह निवासी नमूना भजपुरी थाना बाजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि किसी ने 4 जून को गूलरभोज डैम के पास से उनकी बाइक चोरी कर ली है। इस पर पुलिस टीम का गठन किया गया। बीते गुरुवार को गूलरभोज चौकी इंचार्ज राकेश कठायत को चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर की बाइक पर दो युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते दिखाई दिए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोच लिया। युवकों ने अपना नाम मंगल पुत्र दर्शन सिंह निवासी ग्राम गुलाब का मजरा और जसवंत सिंह निवासी कंगन घड़ी जिला रामपुर बताया। पूछताछ में युवकों ने बताया कि उन्होंने लकड़ी की तस्करी के इरादे से बाइक चोरी की थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पांडे, एसआई राकेश कठायत, कांस्टेबल दीपक जोशी, रघुवर सिंह आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## गुमशुदा बुजुर्ग को खोज परिजनों को सौंपा

अल्मोड़ा :अल्मोड़ा कोतवाली पुलिस ने एक मानसिक रूप से गुमशुदा बुजुर्ग को खोज परिजनों को सौंपा। पुलिस को बागेश्वर निवासी एक व्यक्ति ने अपने पिता के अल्मोड़ा से हल्द्वानी जाते समय कही गुम होने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। मामले का त्वरित संज्ञान लेते हुए कोतवाली पुलिस ने बुजुर्ग की खोज बीन शुरू कर दी। अथक प्रयासों के बाद गुमशुदा बुजुर्ग व्यक्ति मान लाल को लोअर माल रोड, बेस अल्मोड़ा से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा। (एजेंसी)

# दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 4.19 लाख के मुआवजे के आदेश

काशीपुर : मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद की सुनवाई करते हुए प्रथम एडीजे/एमएसीटी की अदालत ने याचिकाकर्ता को 4.19 लाख रुपये का भुगतान करने के आदेश द न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को दिए हैं। जनपद रामपुर, थाना स्वार के ग्राम मंसूरपुर निवासी अजय कुमार ने अधिवक्ता कैलाश प्रजापति के माध्यम से कोर्ट में याचिका प्रस्तुत की थी कि 16 अगस्त 2020 को वह मोटर साइकिल से रिश्तेदार को सुल्तानपुरपट्टी छोड़कर वापस घर आ रहा था कि मिलक नौखरीद गुरुद्वारे के पास विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से उसकी मोटर साइकिल ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसका काशीपुर में हड्डी रोग विशेषज्ञ और एक अन्य अस्पताल में इलाज हुआ। याचिका में कार स्वामी, चालक व द न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी व नेशनल इंश्योरेंस कंपनी को पक्षकार बनाया गया था।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को करें पूर्ण : डीएम



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। डीएम ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। सभी संबंधित विभाग समय रहते अपने-अपने विभागों से तैयारियां पूरी करें, ताकि 21 जून को योग दिवस भव्य ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि योग करने से जहां हमें मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है, वहीं अनेक प्रकार की बीमारियां भी दूर होती है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने योग दिवस को लेकर एनआईसी कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली। उन्होंने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि विभाग अपने स्तर पर भी योग दिवस मनाए व उसमें स्थानीय लोगों को शामिल करें। कहा कि सभी विभाग योग दिवस की फोटो प्रस्तुत भी करेंगे। जिलाधिकारी ने आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित किया कि जिस क्षेत्र में योगा नियमित रूप से चलता रहता है उस जगह का भी चयन करें। उन्होंने कहा कि योग दिवस के लिए जो स्थान चयनित किये जाएंगे वहां फोटोग्राफी करवाना सुनिश्चित करें। कहा कि योग दिवस पर गणमान्य लोगों को निमंत्रण, योग स्थल पर एलईडी टीवी, पोस्टर, बैनर सहित संपूर्ण व्यवस्था करें। बैठक में एसएसपी श्वेता चौबे, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सविता रानी, मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. आनंद भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कुलपति बोले जल्द ईआरपी पोर्टल तैयार करें

नई टिहरी : श्रीदेव सुमन विवि के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने विवि मुख्यालय बादशाहीथौल सभागार में विवि अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये छात्रों के हितों में विवि का ईआरपी पोर्टल तैयार को कहा है। कुलपति ने कहा कि उन्हें देखने को मिला है, कि दूर दराज के छात्र विवि मुख्यालय में अपनी डिग्री, माइग्रेशन, प्रोविजनल डिग्री आदि प्राप्त करने लिये आते हैं, जिसके कारण उन्हें कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। श्रीदेव सुमन विवि परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीपी श्रीवास्तव ने कुलपति को आश्वस्त करते हुये कहा कि उक्त ईआरपी पोर्टल एक सप्ताह में विवि की अधिकारिक वेबसाइड पर ऑनलाइन कर दिया जाएगा। बैठक में विवि कुल सचिव केआर भट्ट, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएल आर्य, वरुण डोभाल, कुलदीप सिंह आदि थे। (एजेंसी)

# एनएचएम कर्मचारी समस्याओं का समाधान न होने पर करेगें आंदोलन



नई टिहरी : एनएचएम कर्मचारियों ने सात सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया। उन्होंने कहा कि जल्द उनकी मांगों का समाधान नहीं होता है, तो उन्हें आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा।

शुक्रवार को एनएचएम प्रदेश संगठन के आह्वान पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर रहे। एनएचएम कर्मचारी डॉ. रीना सिंह तथा डॉ. पवन कुमार ने कहा कि एनएचएम कर्मचारी लंबे समय से प्रत्येक माह की पांच तारीक वेतन देने, सभी कर्मचारियों को हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ देने, सीएम की घोषणा के अनुरुप कोविड में सरहानीय कार्य करने वाले कर्मचारी को दस हजार प्रोत्साहन धनराशि देने, टीएंडएम कंपनी द्वारा हरिद्वार जिले में हटाई गई स्टाफ नर्सेजों की पुनः बहाली करने सहित कई अन्य मांगें शामिल है। कहा समय-समय पर एनएचएम कर्मचारियों की ओर से मांगों को लेकर शासन-प्रशासन को अवगत करवाया गया, लेकिन उनकी मांगें पूरी नहीं हो पाई। बताया 12 जून को समस्त एनएचएम कर्मचारी देहरादून में मिशन निदेशक के दफ्तर का घेराव करेंगे, बावजूद मांगें नहीं मानी गई तो संगठन की ओर से जो दिशा निर्देश होंगे उसके मुताबिक आंदोलन की रणनीति तय की जाऐगी। कार्य बहिष्कार पर रहने वालों में दर्मियान सिंह, विवेक बागड़ी, कमला तोपवाल, ऋषभ उनियाल, मधु डोभाल, विजय लक्ष्मी, हिमांशु नेगी, अनिल बिजल्वाण, सुमित भट्ट, राजेश चमोली, उदय रावत, प्रेरणा भंडारी, रंजना रावत, डॉ. रेखा बाली, अंजली सती आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# खसरा व रूबेला को लेकर निगरानी व जागरूकता जरूरी

नई टिहरी : खसरा और रूबेला उन्मूलन के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक गुरुवार को एडीएम केके मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एडीएम ने कहा कि खसरा और रूबेला बीमारी से निपटने के लिए कड़ी निगरानी व जागरूकता जरूरी है।

एडीएम ने जिला पंचायत राज विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित कर कहा कि ग्राम पंचायतों, स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को लेकर सजग रहें। खसरा और रूबेला बीमारी के संदिग्धों की तत्काल समीप के अस्पताल में जांच करायें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी व सुपरवाइजर को प्रशिक्षित करने के साथ ही ब्लॉक स्तर पर भी इसकी बैठक कराना सुनिश्चित करें। सीएमओ डा. मनु जैन ने बताया कि भारत सरकार खसरा और रूबेला बीमारी को वर्ष 2023 तक उन्मूलन किये जाने का लक्ष्य रखा गया। खसरा और रूबेला बीमारी में भी कोविड गाइड लाइन का अनुपालन करना आवश्यक है। खसरा-रूबेला की दोनों खुराक (प्रथम और द्वितीय) 9 महीने से 5 साल तक के बच्चों को दी जाती है। एसीएमओ डा. दीपा रूबाली ने बताया कि खसरा संक्रामक विषाणु जनित रोग है। यह कमजोर पृष्ठभूमि के बच्चों के लिये विशेष रूप से खतरनाक है, क्योंकि यह कुपोषित और कम प्रतिरोधक क्षमता वाले बच्चों पर हमला करता है। यह अंधापन, दस्त, कान के संक्रमण और निमोनिया सहित गंभीर जटिलताओं का कारण हो सकता है। रूबेला एक संक्रामक, आमतौर पर हल्का वायरल संक्रमण है जो अक्सर बच्चों और युवा वयस्कों में होता है। खसरा और रूबेला की रोकथाम के उपाय, टीकाकरण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में सीएमएस बौराड़ी डा. अमित राय, डा. अनिल नेगी, एसएमओ डा. अजित गुप्ता, डीपीआरओ एमएम खान, डीईओ बेसिक वीके ढौंडियाल सहित एमओआईसी उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# अवैध शराब के साथ 4 नेपाली युवक गिरफ्तार




रुद्रप्रयाग : प्रचलित चारधाम यात्रा अवधि में अवैध शराब तस्करी की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग ने कड़े निर्देश निर्गत किये गये हैं। निर्गत निर्देशों के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग के प्रभावी पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अगस्त्यमुनि के नेतृत्व में चौकी बसुकेदार पुलिस द्वारा 04 नेपाली युवकों को चेकिंग के दौरान 112 बोतल अवैध शराब तस्करी एवं परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया है। शराब तस्करी में प्रयुक्त किये जा रहे वाहन संख्या यूके 13 टीए 1338 ईको कार को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किया गया है।

इनके विरुद्ध थाना अगस्त्यमुनि पर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं 60(1)/72 में अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।गिरफ्तार व्यक्तियों का विवरण इकराज बम पुत्र श्री प्रेम बम निवासी ग्राम सुनवाड़ा थाना जिला कालीकोट नेपाल उम्र 19 वर्ष हाल निवासी निकट विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी जिला रुद्रप्रयाग।भूपेंद्र बधुवाल पुत्र श्री पदम बधुवाल निवासी निवासी ग्राम माणा पाती थाना गमगढ़ी जिला मोगा नेपाल उम्र 21 वर्ष हाल निवासी निकट विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी जिला रुद्रप्रयाग।

बादल ठाकुर पुत्र जुम्मा ठाकुर निवासी ग्राम चौकी थाना कालीकोट जिला कालीकोट नेपाल उम्र 19 वर्ष हाल निवासी निकट विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी जिला रुद्रप्रयाग। रणजीत सिंह असवाल पुत्र स्व. फते सिंह असवाल निवासी ग्राम नाला थाना गुप्तकाशी उम्र 40 वर्ष, जिला रुद्रप्रयाग। पुलिस टीम का विवरण अपर उप निरीक्षक जावेद अली, आरक्षी हरि सिंह होमगार्ड शिव कुमार, पीआरडी महेश जोशी चौकी बसुकेदार थाना अगस्त्यमुनि जनपद रुद्रप्रयाग। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस के स्तर से प्रचलित यात्रा अवधि में अवैध शराब तस्करी के 17 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं, व कुल 650 बोतल शराब की बरामदगी की गयी है। पुलिस के स्तर से अवैध शराब की तस्करी, परिवहन, विक्रय के विरुद्ध निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। (एजेंसी)

## हर्षिल से शव लाने को हेलीकॉप्टर ने भरी उड़ान

उत्तरकाशी : कालिंदी ट्रैक पर हार्ट अटैक से गाइड की मौत के बाद शव को लाने के लिए हेलीकॉप्टर की मांग पर जिला प्रशासन ने व्यवस्था कर दी है। शव को लाने के लिए कालिंदी बेस कैंप क्षेत्र के लिए शुक्रवार को हर्षिल से सेना के हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि रेस्क्यू टीम की ओर से शव की तलाश जारी है। जल्द ही सेना के हेलीकॉप्टर से ट्रैक पर पड़े शव को नीचे लाया जाएगा।

ट्रैकिंग और होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बीते बुधवार को गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान व आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर कालिंदी ट्रैक पर गाइड विपिंदर राणा का शव हेलीकॉप्टर से लाने की मांग रखी थी। इस दौरान विधायक चौहान ने गृह सचिव राधा रतूड़ी व एसडीआरफ कमांडेंट रिद्धिमा अग्रवाल से भी फ़ोन पर वार्ता कर हेलिकॉप्टर के माध्यम से रेस्क्यू करने की कार्यवाही का प्लान साझा किया था। आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि ट्रैक से शव को नीचे लाने के लिए सेना का हेलीकॉप्टर उपलब्ध हो गया है।


G20

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेण्डर निम्न टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमान्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | |
|---|---|---|
| Tender No. Date | 86-DRM-23-24 dt. 08.06.2023 | 85-DRM-23-24 dt. 06.06.2023 |
| Name of work | Dismantling of existing & fabrication, erection & launching of new girders of kapoor company end to end FOB in MB under ADEN/HQ/MB | Replacement of Bed Block at Bridge No. 21 & 16 (CH-BE Section) under ADEN/CH (Having bridge in ORN03) |
| Tender Closing Date Time | 04.07.2023 15:00 | 04.07.2023 15:00 |
| Advertised Value (Rs.) | 71076050.16 | 13437896.62 |
| Earnest Money (Rs.) | 505400.00 | 217200.00 |
| Tender Doc. Cost (Rs.) | 0.00 | 0.00 |
| Bidding Start Date | 20.06.2023 | 20.06.2023 |
| Period of Completion | 6 Months | 6 Months |

सं. 76-W/3/3/WA/Publication दिनांक 08.06.2023 1760/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## टीएचडीसी के दबाव में बनाई गई रिपोर्ट : भट्ट

नई टिहरी : कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट ने कहा कि टिहरी बांध और विस्थापन प्रभावितों के लिए एक त्रासदी बनकर रह गई है। संयुक्त विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर उन्होंने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट टीएचडीसी के दबाव में बनाई गई है।प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भट्ट ने कहा है कि संपूर्ण भूघृति के एवज में मात्र 74 लाख का मुआवजा कतई भी मंजूर नहीं है। सरकारी नीतीयों के अनुरूप 10 बीघा कृषि एवं दो वर्ग मीटर आवासीय भूखंड दिया जाना चाहिए या फिर पुनर्वास स्थलों पर वर्तमान बाजारी दर विस्थापितों को दी जाय।

## शिकायतों के समाधान को लेकर प्राथमिकता से काम करेंगें : ईई अमित

नई टिहरी : बरसात के सीजन से पहले रजाखेत बिजली घर में सभी पुराने पैनलों के स्थान पर नये पैनल स्थापित किए गये हैं। पैनलों की मदद से प्रतापनगर क्षेत्र में 11000 केवी की मदद से निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति की जाती है, जो अब डिस्टर्ब नहीं होगी। यह जानकारी देते हुए यूपीसीएल के नव नियुक्त ईई अमित आनंद ने बताया कि प्रतापनगर क्षेत्र की लगभग 10 हजार की आबादी इससे लाभान्वित होगी। बिजली आपूर्ति क्षेत्र में बेहतर होने से लोगों के काम-धंधे प्रभावित नहीं होंगे। कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि जनपद में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था को मजबूत की जाय।

# केंद्र/राज्य सरकार की करनी और कथनी में समानता नहीं : रौतेला

गोपेश्वर : महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर आरोपों की झड़ी लगाई। महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष ज्योति रौतेला ने सरकार को हर मोर्चे पर पूरी तरह असफल और जनता के प्रति असंवेदनशील बताया।

जिला मुख्यालय गोपेश्वर पहुंची महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में केन्द्र और प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा केन्द्र और उत्तराखंड की राज्य सरकार की करनी और कथनी में कोई समानता नहीं है। पत्रकार वार्ता में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने कहा अंकिता भंडारी हत्याकांड के खुलासे पर पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश में पेपर लीक प्रकरण, महंगाई, बेरोजगारी पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर लाख दावे करती है, लेकिन अंकिता भंडारी के मां पिता आज भी अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय के सामने दर-दर भटकते हैं। सरकार के सामने गुहार लगाते हैं कि उनकी बेटी को न्याय दिया जाए। लेकिन सत्ता पक्ष के नेताओं की संलिप्तता होने के कारण सरकार अपराधियों को बचाने में लगी हुई है। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने प्रेस वार्ता में कहा प्रदेश के बेरोजगारों के भविष्य के साथ बड़ा खेल खेला जा रहा है। प्रदेश में लगभग 1 दर्जन से अधिक एग्जाम पेपर लीक हुए हैं। उसके बावजूद सरकार कुछ नहीं कर पा रही है। महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी से युवा वर्ग आक्रोशित हैं। सरकार के खोखले दावे लोगों के सामने झूठ पेश कर रहे हैं। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा 2024 के लोकसभा चुनाव में इन्हीं मुद्दों के साथ कांग्रेस जनता के बीच पहुंचेगी। और उम्मीद है कि जनता भाजपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जाकर कांग्रेस को वोट देगी। कांग्रेस जन हित में काम करेगी। इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष उषा रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बिजली के खंबे और लाइन बनें खतरे का सबब

गोपेश्वर : विकासखंड के चूला-गबनी सड़क पर बिजली के खंबे और लाइन खतरे का सबब बने हैं। पूर्व ग्राम प्रधान धीरेंद्र भंडारी का कहना है कि सड़क निर्माण के चलते कई खंबे और लाइन खतरे की जद में हैं। हालांकि निर्माणाधीन विभाग पीएमजीएसवाई ने ऊर्जा निगम को लाइन शिफ्ट करने के लिए तय धनराशि छः लाख से अधिक निगम को ट्रांसफर कर दी है।


उत्तर रेलवे

G20

निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि./उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| क्र. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | निविदा फार्मों की लागत (रु.) | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 05RT01-Sig-SNT-MB-2022-23 और कोम्प्रीहेंसिव एनुअल maintenance कॉन्ट्रैक्ट of HSL मेन इंटीग्रेटेड पॉवर सप्लाई system ओवर मुरादाबाद डिवीजन for दो ईयर्स। | 4,37,16,729.34 | 3,68,600.00 | निल | 06.07.2023, 15:00 बजे |

नोट: निविदा का पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: 05RT01-Sig-SNT-MB-2022-23 दिनांक 08.06.2023 1776/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

E Mail ID:- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 1009/20 ए0सी0 दिनांक- 09/06/2023

### अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 15.06.2023 को अपराहन 3:00 बजे तक निम्न कार्यालयों में आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाकघर की पास बुक एवं शेड्यूल बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में मान्य होगी जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के पद नाम से बन्धक होगी। निविदा के साथ रूपये 100.00 का नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर वैधता की शर्तो के साथ जिसके ऊपर 1.00 के रसीदी टिकट सहित हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 12.06.2023 से 14.06.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती है।

1. अधीक्षण अभियन्ता 12वॉं वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी, 2. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी
3. अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी, 4. अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, कीर्तिनगर जिला टिहरी गढ़वाल।

निविदायें अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के कार्यालय में दिनांक 15.06.2023 को अपराह्न 3:30 बजे टैण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | वित्तीय वर्ष (2023-24) | | | | | |
| 1 | एक्सकेवेटर कम लोडर द्वारा विकास खण्ड पोखड़ा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों को यातायात खोलने हेतु मलवा निस्तारण एवं अन्य कार्य। (पूर्ण अनुबन्धित अवधि हेतु) **(मुख्यालय स्थान-पोखड़ा)** | 45000.00 | 1500+ GST | 45 दिन | 04 माह | वाहन स्वामी के |
| 2 | एक्सकेवेटर कम लोडर द्वारा विकास खण्ड पोखड़ा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों को यातायात खोलने हेतु मलवा निस्तारण एवं अन्य कार्य। (पूर्ण अनुबन्धित अवधि हेतु) **(मुख्यालय स्थान-बिजोरापानी)** | 45000.00 | 1500+ GST | 45 दिन | 04 माह | नाम पंजीकृत एक्सकेवेटर कम लोडर। |

1- अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है, एवं निविदा क्रय करते समय पंजीकरण की फोटो प्रति अवश्य साथ लाये।

**(इं0 धन सिंह कुटियाल)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी**


# बदरीनाथ में पैसे लेकर दर्शन कराने वाले को रंगे हाथों पकड़ा

जोशीमठ : बदरीनाथ में पैसे लेकर यात्रियों को दर्शन कराने वाले मंदिर समिति के सफाई हेड को रंगे हाथों पकड़ा गया है। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की है। मंदिर समिति ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि ऐसे लोगों के झांसे में न आएं जो पैसा लेकर भगवान बदरीविशाल के दर्शन कराने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि बीकेटीसी ने अपने ही कर्मचारी को दर्शन कराने के नाम पर पैसे लेते रंगे हाथों धर दबोचा है। मंदिर समिति के बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी के कार्यालय में लगे सीसीटीवी में मंदिर समिति के सफाई हेड वीरू लाल छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश के तीर्थयात्रियों से पैसों का लेन-देन करते स्पष्ट दिख गया तो मंदिर समिति के अवर अभियंता गिरीश रावत ने इसकी जानकारी प्रभारी अधिकारी को दी। मंदिर समिति अधिकारियों ने बिना देर किये तीर्थयात्रियों को बुलाया और सफाई हेड वीरू लाल से आमने-सामने बात करायी। तीर्थयात्रियों ने लिखित आरोप लगाया कि वीरूलाल द्वारा उनसे दर्शन करने के लिए 7000 नगद लिए हैं, जिस पर पहले वीरू लाल मुकर गया। सख्ती करने पर वीरू लाल ने सभी के सामने सात हजार रुपये छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश के तीर्थयात्री राजीव भौंडेकर को वापस कर दिये। तीर्थयात्री ने पूरी घटना की शिकायत लिखित रूप से मंदिर समिति को दी है। पूना महाराष्ट्र निवासी सुनील अग्रवाल ने भी इसी तरह की लिखित शिकायत प्रभारी अधिकारी को दी। बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी ने बताया कि घटना का संज्ञान लेकर स्वच्छक हेड बीरू लाल पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति कर उच्च स्तर पर भेज दी गयी है।

## भर्ती पूर्व प्रशिक्षण 19 जून से

नई टिहरी : पूर्व सैनिक एवं सैनिक विधवाओं के पुत्रों को सेना, अर्द्धसेना व पुलिस बल में भर्ती के लिए आगामी 19 जून से 56 दिन तक का निःशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण देहरादून में संचालित किया जायेगा।

इस आशय की जानकारी देते हुए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद टिहरी गढ़वाल के इच्छुक युवा अभ्यर्थी आगामी 15 जून तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय टिहरी में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

## युवक का शव रस्सी से लटका मिला

नई टिहरी : ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल निर्माण कार्य में लगी कंपनी में कार्यरत एक युवक अपने घर में रस्सी पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिये श्रीनगर अस्पताल भिजवाया।देवप्रयाग के बागेश्वर (पंतगांव) निवासी राकेश (35) पुत्र स्व. चमन सिंह घर में लगी लकड़ी की बल्ली के सहारे रस्सी पर झूलता मिला। राकेश एक कंपनी में बतौर आफिस बॉय कार्यरत था। देवप्रयाग थाने के एसएसआई अनिरुद्ध मैठाणी ने बताया कि बीते दो माह से बीमार राकेश ऋषिकेश से इलाज करने के बाद कुछ दिन पूर्व अपने घर लौटा था, इस दौरान उसकी पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ मायके गई थी। पुलिस ने बताया कि राकेश की पत्नी द्वारा सात जून को लगातार फोन किये जाने के बाद भी जब राकेश ने फोन नहीं उठा तो उनकी पत्नी मायके से ससुराल लौट आई।

## सम्पादकीय

### "आसमान" से अवैध कब्जों पर नजर

सरकारी जमीनों पर कब्जे के मामले इतने अधिक हैं कि खुद सरकार इन कब्जों की वस्तुस्थिति से वाकिफ नहीं है। कुछ कब्जे खाली जमीन पर कर लिए गए तो कुछ पर राजनीति चमकाने के लिए नेताओं ने अवैध बस्तियां बसा दी। सरकारी जमीनों पर ऐसे अवैध कब्जे और निर्माण को लेकर 23 वर्ष बाद अब सरकार पोर्टल तैयार कर रही है जिसके तहत सेटेलाइट से इन अवैध कब्जे और अवैध निर्माण पर नजर रखी जाएगी। हालांकि यह तकनीक कितनी कारगर सिद्ध होगी यह वक्त आने पर पता लगेगा लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि सरकारी जमीनों पर हुए कब्जों को कब्जा मुक्त करने के लिए गंभीरता से अभियान कभी चला ही नहीं। सरकार की कितनी जमीन अवैध तरीके से कब्जाई गई है, इसका आंकड़ा भी जुटाना शायद काफी मुश्किल है लेकिन धामी सरकार में अब यह तैयारी की जा रही है कि सरकारी जमीनों की पहचान कर उन्हें मुक्त कराया जाए। अभियान को परिणाम तक पहुंचाने के लिए आईटीडीए व यूसैक ने इस पर काम शुरू कर दिया है। सभी विभाग अपनी जमीनों के रजिस्टर और डिजिटल इन्वेंटरी तैयार कर रहे हैं। सेटेलाइट आधारित पोर्टल को इस दृष्टि से तैयार किया जा रहा है कि यह 25 सेंटीमीटर ऊंचाई तक के अवैध कब्जों पर भी नजर रख सकेगा एवं तत्काल ऐसे मामलों में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि कार्य जटिल है लेकिन यदि स्थानीय निकायों के साथ–साथ वन विभाग, सिंचाई विभाग एवं दूसरे विभागों की जमीनों का आंकड़ा जुटाया जाए तो विभागों से भी ऐसी जमीनों की जानकारी हासिल की जा सकती है। सबसे बुरी स्थिति निकायों की जमीन को लेकर है जिन पर अवैध बस्तियां बसाई जा चुकी है और इनका राजनीतिकरण भी खुलकर किया गया है। वोट बैंक की खातिर कुछ बस्तियों को नियमित कर पट्टे स्वयं सरकार ने दिए तो कुछ जमीनों पर अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई करना निकायों के लिए मुश्किल हो रहा है। अभी तो निश्चित करना बाकी है कि यह खास पोर्टल नए अवैध कब्जों पर नजर रखेगा या फिर पुराने कब्जों को भी अपने राडार पर लेगा। पोर्टल तीन तरह के अलर्ट जारी करेगा जिसमें पहला अलर्ट महत्वपूर्ण चेतावनी होगी, जो अत्यधिक निर्माण या कब्जों पर आएगा। उससे कम कब्जों पर मध्यम और निम्नतम स्तर के अलर्ट आएंगे। सभी अलर्ट पर संबंधित जिलों के अफसरों को मौके पर जाकर कार्रवाई करने के बाद रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। पिछले कुछ समय में सरकारी जमीनों पर कब्जा के पीछे सफेदपोश एवं नेताओं के नाम भी खासे चर्चा में रह चुके हैं लेकिन तमाम हंगामा होने के बाद भी इसी कुछ जमीने कब्जों से मुक्त नहीं कराई जा सकी है। नदी नालों के किनारे तो दूर की बात है नदियों तक में कब्जे किए जा चुके हैं जिन पर कार्रवाई करने की कोई बड़ी मुहिम अब तक नजर नहीं आई है। वन क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण किए गए हैं जिनमें कुछ धार्मिक हैं तो कुछ में निजी संस्थान बनाकर कब्जा किया गया है। सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त करने के लिए केवल राजस्व विभाग से काम चलने वाला नहीं है बल्कि इसके लिए एक बड़ी टास्क फोर्स तैयार करनी होगी जो ऐसी जमीनों की पहचान करने से लेकर उन्हें कब्जा मुक्त कराने की प्रक्रिया तक सक्रिय रहे।

# हादसों से सबक नहीं लेती सरकारें



**अजीत द्विवेदी**

ओडिशा के बालासोर में भयंकर ट्रेन हादसे के बाद घनघोर शोक और निराशा के समय में भी एक समूह ऐसा है, जो यह समझाने में लगा है कि ट्रेन हादसे पहले भी होते थे और अब प्रति लाख किलोमीटर की यात्रा में हादसों की संख्या पहले से बहुत कम हो गई है। इस तरह के किसी भी आंकड़े पर संशय नहीं किया जा सकता है। लेकिन क्या इससे ऐसा नहीं लगता है कि यह जिम्मेदारी से पल्ला झाडने का एक मजबूत आधार तैयार करने की कोशिश है? यह भी सही है कि किसी का इस्तीफा लेने से मरने वालों का जीवन नहीं लौटेगा और न यह गारंटी होगी कि आगे ऐसी दुर्घटना न हो फिर भी इस्तीफा इस बात का संकेत होता है कि घटना को गंभीरता से लिया गया है, जवाबदेही तय की गई है और यह सुनिश्चित करने का प्रयास हुआ है कि आगे ऐसी घटना न हो। इस्तीफा न भी हो तब भी किसी आंकड़े के दम पर रेलवे में सब कुछ ठीक होने का नैरेटिव बनवाना अच्छी बात नहीं है।

कायदे से इस बात को स्वीकार करना चाहिए कि रेलवे की सेहत ठीक नहीं है। पिछले कई दशक से रेलवे का इस्तेमाल राजनीति चमकाने के लिए ज्यादा हुआ है। इसका कामकाज गुणवत्तापूर्ण नहीं है। रेलवे की बुनियाद मजबूत करने की बजाय चमक–दमक पर ध्यान दिया गया है। आधारभूत ढांचे के निर्माण की बजाय मौजूद ढांचे पर लोड बढ़ाया गया है। रेलवे ट्रैक की सेहत सुधारने की बजाय जर्जर हो चुके ट्रैक और दशकों पुराने पुलों के ऊपर नई ट्रेनें दौड़ाने की होड़ लगी है। रेलवे का काम निजी कंपनियों को दिया जा रहा है। रिटायर हो रहे कर्मचारियों की जगह ठेके पर लोग रखे जा रहे हैं। मैनुअल काम देखने वालों की संख्या बहुत कम हो गई है और ओवरटाइम बढ़ गया है और ड्राइवर 12 घंटे से ज्यादा काम कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक और डिजाइन का इस्तेमाल सिर्फ ट्रेन और कोच बनाने में हो रहा है। रेलवे की स्थापना सेवा के लिए हुई थी, लेकिन ऐसा लग रहा है कि इसका इस्तेमाल मुनाफा कमाने के लिए किया जाने लगा है। ट्रेन किराए से लेकर प्लेटफॉर्म टिकट तक के दाम में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद यात्री सेवाएं जस की तस हैं। यात्री सेवा की बजाय रेलवे से अंधाधुंध कोयले और इस्पात की ढुलाई हो रही है। रेलवे का अलग से बजट आना पहले ही बंद हो चुका है और अब इसका एक पूर्णकालिक मंत्री भी नहीं है। सूचना–प्रौद्योगिकी और संचार मंत्रालय संभाल रहे अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्रालय भी दिया गया है। रेलवे इतना बड़ा विभाग है कि एक कैबिनेट के साथ कई राज्यमंत्री हों तब इसके साथ न्याय होगा।

हर साल बजट में बताया जाता है कि रेलवे का बजट कितना बढ़ाया गया और उसमें से कितना आधारभूत ढांचे पर खर्च होगा। लेकिन यह आंकड़ों की बाजीगरी है। बारीकी से देखने पर पता चलता है कि आधारभूत ढांचे पर होने वाला खर्च कम होता जा रहा है। भारत के नियंत्रक व महालेखापरीक्षक यानी सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में इस तरफ ध्यान दिलाया है। पिछले साल यानी 2022 के दिसंबर में संसद में पेश सीएजी कि रिपोर्ट में बताया गया है कि नया ट्रैक यानी रेल लाइन बिछाने का बजट कम हुआ है। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वित्त वर्ष 2017–18 में जो राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष बनाया गया था वह अपना मकसद हासिल करने में विफल रहा। केंद्र सरकार ने पांच साल के लिए एक लाख करोड़ रुपए का यह कोष बनाया था, जिसमें हर साल 20 हजार रुपए आवंटित किए जाने थे। इसमें से 15 हजार करोड़ रुपए केंद्र सरकार देती और पांच हजार करोड़ रुपए रेलवे के आंतरिक स्त्रोत से आना था। लेकिन चार साल में यानी वित्त वर्ष 2020–21 तक रेलवे अपने आंतरिक स्त्रोत से सिर्फ 4,225 करोड़ रुपए ही जुटा सका।

एक तथ्य यह भी है कि ज्यादातर दुर्घटनाएं ट्रेन के पटरियों से उतरने की वजह से हो रही हैं। पिछले पांच साल में जो ट्रेन दुर्घटनाएं हुई हैं उनमें से चार में से तीन दुर्घटनाएं ट्रेन के पटरी से उतरने की वजह से हुई है। ट्रेन के पटरी से उतरने का पहला और मुख्य कारण पटरियों की खराब दशा है। इसका यह भी मतलब है कि पटरियों के रख–रखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। देश की ज्यादातर पटरियां पुरानी हो गई हैं और कई जगह तो अब भी अंग्रेजों के जमाने में बने पुल से काम चल रहा है। ट्रेनों की औसत स्पीड बढ़ाई जा रही है या हाई स्पीड वाली ट्रेनों को लगातार हरी झंडी दिखाया जा रहा है। लेकिन स्पीड बढ़ाने से पहले पटरियों की सेहत सुधारना जरूरी है। भारत में बुलेट ट्रेन चालू होनी है, जिसके लिए पटरी बिछाने पर प्रति किलोमीटर साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जबकि सेमी हाईस्पीड ट्रेन की पटरी बिछाने पर 35 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर खर्च है। भारत में यात्री ट्रेनों की औसत स्पीड 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की है, जबकि चीन–जापान में दो से ढाई सौ किलोमीटर है।

बहरहाल, दिसंबर 2022 में संसद में पेश सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2017–18 से 2020–21 के बीच 69 फीसदी दुर्घटना ट्रेन के पटरी से उतरने से हुई है। इस दौरान कुल मिला कर 2,017 दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें से 1,392 पटरी से उतरे के कारण हुई हैं। चूंकि सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं ट्रेनों के बेपटरी होने से हुए थे तो सीएजी ऑडिट में इसी पर फोकस किया गया। सो, सीएजी ने 1,129 दुर्घटनाओं का अध्ययन किया। इसकी रिपोर्ट के मुताबिक 289 दर्घटनाएं ट्रैक रिन्यूल यानी पटरियों को नया बनाने या बेहतर करने से जुड़ी हैं। सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक पटरी के रख–रखाव में कमी से 167 दुर्घटनाएं हुईं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रेलवे लाइन के इंस्पेक्शन का काम बहुत लापरवाही से हुआ। इसमें 30 फीसदी से लेकर सौ फीसदी तक की कमी देखी गई। यानी कई ट्रैक ऐसे थे, जहां एक बार भी इंस्पेक्शन नहीं किया गया। सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक नई रेल लाइन बिछाने का का बजट 2018–19 में 9,607.65 करोड़ था, जो 2019–20 में घट कर 7,417 करोड़ हो गया। हैरानी की बात है कि वह रकम भी पूरी खर्च नहीं हुई।

बालासोर हादसे से कुछ दिन पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बड़े गर्व से बताया कि भारत में ट्रेन दुर्घटना रोकने के लिए कवच विकसित किया गया है, जो यूरोप की ट्रेनों में लगने वाले एंटी कोलिजन डिवाइस से भी बेहतर है। लेकिन हकीकत यह है कि रेलवे के 19 में से 18 जोन में कवच लगना शुरू नहीं हुआ है। भारतीय रेलवे के पास 13 हजार से कुछ ज्यादा इंजन हैं लेकिन सिर्फ 65 इंजन में ही कवच लग पाया है। ध्यान रहे यह इंजन और पटरी दोनों में लगता है, जिससे अगर एक पटरी पर दो ट्रेनें आ गईं तो चार सौ मीटर पहले ही रूक जाएंगी। इस साल पांच हजार किलोमीटर में कवच लगाना है। रेल मंत्री रहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि कोई डेढ़ दशक पहले जब वे रेल मंत्री थीं तभी से एंटी कोलिजन डिवाइस पर काम चल रहा है। सोचें, आधुनिक तकनीक के मौजूदा दौर में एक सिस्टम विकसित करने में क्या इतना समय लग सकता है? अगर रेलवे की सुरक्षा और संरक्षा प्राथमिकता में होती तो यह कब का तैयार हो चुका होता।

बालासोर की घटना हृदय विदारक है। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार इससे सबक लेगी। रेलवे को राजनीति चमकाने का साधन बनाने की बजाय आम लोगों को सस्ती और सुरक्षित यात्रा की सुविधा देने वाली व्यवस्था में बदलने का प्रयास करेगी। रेलवे में सुधार के साथ साथ आपदा के समय होनेवाले राहत और बचाव कार्यों की गुणवत्ता में भी सुधार की बहुत जरूरत है और ऐसा बगैर संवेदनशील हुए नहीं हो पाएगा। बालासोर में 288 लोग मरे और दुर्भाग्य से इतने शवों को भी सम्मान देने की व्यवस्था हम नहीं कर पाए। जो वीडियो सामने आए हैं उसमें शव के ऊपर शव फेंके जा रहे हैं। हर शव को चादर तक नसीब नहीं हुई। प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, कई केंद्रीय मंत्रियों और कई मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी के बावजूद व्यवस्थित तरीके से राहत व बचाव के काम नहीं हुए। ऐसा लगा, जैसे समाज की तरह ही पूरा प्रशासन भी डिस्फंक्शनल हो गया है। अगर किसी को राहत व बचाव कार्य देखना हो तो यूक्रेन में चल रहे युद्ध को देखें। कैसे एक युद्धग्रस्त देश अपने नागरिकों को शवों को सम्मान देता है और कैसे रूसी हमले से ध्वस्त हो चुके ढांचे से निकल कर व्यवस्था बहाल करता है।

# हेल्दी बॉडी के लिए पानी जरूरी... लेकिन हर उम्र के लिए अलग–अलग नियम! जानें

एक हेल्दी शरीर सही ढंग से काम करे.... इसलिए जरूरी है पानी! लेकिन क्या बूढ़े, वयस्क और किशोर सभी के लिए पानी की मात्रा एक समान होगी, जवाब है नहीं... दरअसल शरीर को सही तरह से काम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यक्ता होती ही है, क्योंकि हमारा शरीर करीब–करीब 65–70 प्रतिशत तक पानी से बना होता है, इस लिहाज से विभिन्न कार्यों के लिए पानी बेहत जरूरी है, लेकिन ये जरूरत उम्र, लिंग, शारीरिक वजन या फिर जलवायु के आधार पर भिन्न–भिन्न हो सकती है. ऐसे में आइये आज समझे कि अलग–अलग उम्र के लोगों में अपने शरीर के हिसाब से कितना पानी चाहिए, साथ ही जानेंगे क्या हो अगर हमारे शरीर को पर्याप्त पानी न मिले...

किसे कितना पानी पीना चाहिए?

बूढ़े व्यक्तिः अगर उम्र 65 साल या उससे ज्यादा है, तो आपको रोजाना करीब 8–11 कप या 2000 से 3000 मिलीलीटर तक पानी पीने की जरूरत है, क्योंकि इस उम्र में डिहाइड्रेशन का खतरा कई गुना तक बढ़ जाता है, ऐसे में अगर शरीर को सही मात्रा में पानी नहीं मिला तो इससे उन्हें खतरा है.

वयस्कः अगर उम्र 19 से 64 साल के बीच है तो प्रति दिन 8–11 कप यानि 2000 से 3000 मिलीलीटर तक पानी का सेवन करना चाहिए, बिल्कुल 65 साल या उससे ज्यादा उम्र वालों की तरह.

किशोरावस्थाः 14 से 18 साल की उम्र वाले लोग यानि कि किशोरावस्था के लोगों को हर दिन 1900 से 2600 मिलीलीटर यानि 8–11 कप तक पानी उनके शरीर के लिए जरूरी है.

9–13 साल के बच्चेः इस उम्र के बच्चों को भी अपनी सेहत सही रखने के लिए रोजाना 7 से 8 कप या 1600–1900 मिलीलीटर तक पानी का सेवन करना चाहिए. 4 से 8 साल के बच्चेः इस उम्र के बच्चे अगर प्रतिदिन 1200 मिलीलीटर या 5 कप तक पानी पीएं, तो उनकी सेहत के लिए बेहतर है, साथ ही उनके शरीर को एनर्जी भी मिलेगी.1–3 साल के बच्चेः अगर बच्चे की उम्र अभी महज 1–3 साल के बीच है तो हर दिन 4–5 कप या 800–1000 मिलीलीटर तक पानी उसके लिए पर्याप्त है. इससे उसका शरीर स्वस्थ रहेगा.

## गर्मियों के मौसम में टैनिंग से पाएं छुटकारा... आजमाएं ये घरेलू पैंतरा

गर्मियों के मौसम में अपनी त्वचा को खूबसूरत और बेदाग रखना है... एक तरीका है! दरअसल गर्मी में सूरज की तेज किरणें हमारी त्वचा को तमाम तरह से नुकसान पहुंचाती है, जिससे हमारे माथे पर टैनिंग की शिकायत हो जाती है, ऐसे में हम कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, मगर माथे का कालापन फिर भी साफ नजर आता है, ऐसे में आज कुछ आसान तरीकों के बारे में बात करेंगे, जिससे आप अपने माथे के कालेपन को जड़ से खत्म कर सकते हैं, ताकि आपकी त्वचा पर निखार झलकने लगे... आइए जानते हैं वो कौन से तरीके हैं.

हल्दी– एंटीबैक्टीरियल और रंगत निखारने वाली हल्दी के इस्तेमाल से माथे की टैनिंग हटा सकते हैं. इसके उपयोग से माथे का कालापन को दूर किया जा सकता है. इसके लिए आपको पहले कच्चा दूध लेना होगा, फिर उसमें हल्दी मिलाकर माथे पर लगाकर 20 मिनट तक सूखने देना होगा. इसके बाद हल्के हाथों से रगड़ कर साफ कर लेना होगा. रेगुलर ऐसा करने पर माथे की टैनिंग दूर हो जाएगी.

# मोदी हों या राहुल, सबका मक्का अमेरिका–लंदन!

**हरिशंकर व्यास,**

यह सच्चाई है। तभी आजाद भारत की मनोदशा का यह नंबर एक छल है कि हम रमते हैं पश्चिमी सभ्यता–संस्कृति में लेकिन तराना होता है हिंदी–चीनी भाई–भाई या रूस–भारत भाई–भाई। यों आजाद भारत का पूरा सफर दोहरे चरित्र व पाखंडों से भरा पड़ा है लेकिन भारत की विदेश नीति में जितना पाखंड, दिखावा और विश्वगुरू बनने की जुमलेबाजी हुई वह रिकार्ड है। मैंने अफगानिस्तान पर सोवियत संघ के हमले, शीतयुद्ध के पीक वक्त में अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर लिखना शुरू किया था। तब से आज तक वैश्विक मामलों में भारत की विदेश नीति के दिखावे और हकीकत, झूठ और सत्य के ऐसे–ऐसे ढोंग देखे हैं, जिससे विशाल आबादी वाला भारत दुनिया की तो छोड़ें गली का चौधरी भी नही बन पाया। जबकि चीन देखते–देखते सचमुच अब विश्व व्यवस्था की नंबर दो धुरी है। तब सोवियत संघ धुरी था और चीन 1985 में दुनिया का अछूत तथा निवेश–तकनीक की जुगाड़ का एक कंगला देश। लेकिन चीन ने अमेरिका को, निक्सन व किसिंजर को पटाया। और अमेरिकी–पश्चिमी देशों की बुद्धि–तकनीक विज्ञान–पूंजी से अपने को दुनिया की फैक्टरी बना नंबर दो वैश्विक ताकत हुआ।

वही भारत के राजीव गांधी से लेकर वाजपेयी, डॉ. मनमोहन सिंह, नरेंद्र मोदी सबने अमेरिका–पश्चिमी देशों को इसलिए नहीं पटाया क्योंकि पंडित नेहरू, कृष्ण मेनन, इंदिरा गांधी की लुटियन दिल्ली में उन दिनों निर्गुट देशों की धुरी का पाखंड था। मतलब हम गरीब, दक्षिण दुनिया के चौधरी। हमें न अमेरिका से मतलब और न सोवियत संघ से। हम तो निर्गुट। जबकि यह पाखंड बोलता हुआ था कि भारत ने सोवियत संघ से बीस साला मैत्री संधि कर वह उससे हथियार खरीद रहा है। तब भी कम्युनिस्ट हो या राष्ट्रवादी या दक्षिणपंथी सब इसी भ्रम में जीते थे कि हम तो जन्मजात विश्वगुरू और एटमी महाशक्ति। याद करें कम्युनिस्टों ने मनमोहन सरकार के अमेरिका के संग एटमी करार का कैसा तगड़ा विरोध किया जबकि वह भारत के अछूतपन को खत्म करने की कोशिश थी। पर सरकार दांव पर लग गई लेकिन मनमोहन सिंह ने दम दिखाया। यदि क्लिंटन के समय पीवी नरसिंह राव और डॉ. मनमोहन सिंह के वक्त अमेरिका से नए सिरे से केमिस्ट्री नहीं बनी होती तो आज भी एटमी विस्फोटों के बाद विश्व समुदाय में बना भारत का अछूतपना बना हुआ होता। इसलिए कि नरेंद्र मोदी ने भी अपने प्रति पश्चिम देशों के लोकतंत्र में बनी हुई एलर्जी में तथा चीन से धंधे से चमत्कृत हो कर शी जिनफिंग को झूले झुलाते हुए राज शुरू किया था। वे पुतिन के मुरीद थे।

पते की बात है कि आजाद भारत का हर नेता, हर अफसर, हर सेठ, हर पढ़ा–लिखा व्यक्ति विदेश में जा कर बसा है। वही बेटे–बेटियों को पढ़ाता और बसाता है। भारत के लोग चीन, रूस या किसी अफ्रीकी देश में नहीं, बल्कि पश्चिमी देशों में जा कर बसे हैं, बसना चाहते हैं। पश्चिम में ही भारतीयों की बुद्धि–प्रतिभा को पंख लगते हैं जीवन बनता है। तभी ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप के देश प्रवासी भारतीयों का नंबर एक ठिकाना है। कोर कारण पश्चिमी सभ्यता के खुले और



उदारवादी माहौल में काम के अवसर मिलना है। सुख–सुकून की सुरक्षित जिंदगी है। मुझे ध्यान नहीं है कि भारत के कम्युनिस्ट नेताओं में भी किसी ने अपने मक्का याकि चीन, सोवियत संघ, क्यूबा में बच्चों को पढने के लिए भेज वहां सीखने, कम्युनिस्ट आदर्शों वाली अपनी जिंदगी बनाने के लिए कहा हो।

विषयांतर हो रहा है। कुल मिलाकर नरेंद्र मोदी हों या राहुल गांधी सबका मक्का है अमेरिका और लंदन। तभी तमाम धिक्कारों के बावजूद नरेंद्र मोदी ने भी अमेरिका, ब्रिटेन की पश्चिमी देशों की बिरादरी में अपने सर्वाधिक बड़े शो किए हैं और करते हुए हैं। इन देशों के नेताओं से गले मिलने के उन्होंने तमाम तरह के जतन किए हैं ऐसे ही राहुल गांधी के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप ही मक्का है! क्या मैं गलत हूं?

अमेरिकी नैरेटिव से भारत में वाह!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी–सात देशों की बैठक में मेहमान प्रतिनिधि के तौर पर हिरोशिमा गए थे। वहां उन्होंने कई महत्वपूर्ण कूटनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। उनका जी–सात की बैठक में भी भाषण हुआ और वे चार देशों के समूह क्वाड की बैठक में भी शामिल हुए। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा किस बात की हुई? मीडिया और सोशल मीडिया में सबसे ज्यादा इस बात की चर्चा हुई कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मोदी की सीट के पास जाकर उनसे हाथ मिलाया। इसके बाद जो दूसरी खबर चर्चा में रही वह यह थी कि बाइडेन ने मोदी से कहा कि उनकी लोकप्रियता देख कर लगता है कि उनका ऑटोग्राफ लेना चाहिए। भारत के लोग इस बात से बेहद खुश थे कि दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क का राष्ट्रपति मोदी के पास चल कर जाता है, उनसे हाथ मिलाता है और ऑटोग्राफ लेने की बात करता है। इसके बाद प्रधानमंत्री जब पापुआ न्यूगिनी पहुंचे तो वहां के राष्ट्रपति ने हवाईअड्डे पर उनके पैर छू लिए। फिर तो यह नैरेटिव अपने आप स्थापित हो गया कि मोदी ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। सबसे ताकतवर देश से लेकर सबसे कमजोर देशों में से एक तक का राष्ट्रपति मोदी को पसंद करता है, उनका सम्मान करता है।

बताने की जरूरत नहीं है कि यदि भारत के किसी प्रधानमंत्री को देश के लोगों के बीच या अपने समर्थकों के बीच धारणा बनवानी है कि उसकी वजह से भारत विश्व गुरू हुआ है तो इसका सर्टिफिकेट सबसे पहले अमेरिका से लेना होगा। किसी तरह से अगर अमेरिकी राष्ट्रपति ने तारीफ कर दी या गले लगा लिया तो मान लेंगे कि भारत बिग लीग में है। फिर वे निश्चिंत हो जाते हैं कि देश सुरक्षित हाथों में है। इस बात को मोदी जानते थे और उन्होंने सत्ता में आते ही सबसे पहला काम अमेरिका से सर्टिफिकेट हासिल करने का किया। उनके बुलावे पर अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा भारत आए। उसके बाद मोदी ने पहली बार किसी अमेरिकी राष्ट्रपति को गणतंत्र दिवस की परेड का मुख्य अतिथि बनाया। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को भारत बुलाया और कोरोना की महामारी की शुरुआत के बीच अहमदाबाद से आगरा और दिल्ली तक कार्यक्रम कराया। वे गणतंत्र दिवस की परेड में मुख्य अतिथि बने। मोदी इसके बाद और भी राष्ट्र प्रमुखों से गले मिले लेकिन दुनिया में भारत का मान बढ़ाने वाली मोदी गाथा ओबामा और ट्रंप से स्थापित हुई, जो अब बाइडेन तक पहुंची। इसके लिए भारत सरकार ने क्या क्या किया वह अलग कहानी है।

असल में मोदी भारत के लोगों का मनोविज्ञान समझते हैं। उनके अवचेतन में अमेरिकी सपना पलता है। देश का मध्य वर्ग अमेरिका के लिए पागल है तो निचले तबके को भी लगता है कि अमेरिका से संबंध फायदेमंद होगा। अमेरिका के साथ बेहतर संबंध का राजनीतिक लाभ भी मिलता है। मनमोहन सिंह की सरकार की 2009 में हुई जीत इसकी मिसाल है। 2009 के लोकसभा चुनाव से नौ महीने पहले जुलाई 2008 में मनमोहन सिंह ने अपनी सरकार दांव पर लगा कर अमेरिका के साथ परमाणु समझौता किया था। वह मील का पत्थर था। 1998 के परमाणु परीक्षण के बाद भारत पर कई पाबंदियां लगी थीं, जो परमाणु समझौते के बाद हटीं और वैश्विक बिरादरी में भारत अछूतपन खत्म हुआ। इसका फायदा यह हुआ कि कई दशकों में संभवतः पहली बाद शहरी मध्य वर्ग ने कांग्रेस को वोट किया। कांग्रेस दिल्ली की सात में से छह सीटों पर जीती। मुंबई सहित देश के तमाम महनगरों में कांग्रेस को जीत मिली। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में कांग्रेस को 22 सीट मिली और वह कई शहरी सीटें जीतने में कामयाब रही।

**असल में मोदी भारत के लोगों का मनोविज्ञान समझते हैं। उनके अवचेतन में अमेरिकी सपना पलता है। देश का मध्य वर्ग अमेरिका के लिए पागल है तो निचले तबके को भी लगता है कि अमेरिका से संबंध फायदेमंद होगा। अमेरिका के साथ बेहतर संबंध का राजनीतिक लाभ भी मिलता है। मनमोहन सिंह की सरकार की 2009 में हुई जीत इसकी मिसाल है। 2009 के लोकसभा चुनाव से नौ महीने पहले जुलाई 2008 में मनमोहन सिंह ने अपनी सरकार दांव पर लगा कर अमेरिका के साथ परमाणु समझौता किया था। वह मील का पत्थर था। 1998 के परमाणु परीक्षण के बाद भारत पर कई पाबंदियां लगी थीं, जो परमाणु समझौते के बाद हटीं और वैश्विक बिरादरी में भारत अछूतपन खत्म हुआ। इसका फायदा यह हुआ कि कई दशकों में संभवतः पहली बाद शहरी मध्य वर्ग ने कांग्रेस को वोट किया। कांग्रेस दिल्ली की सात में से छह सीटों पर जीती। मुंबई सहित देश के तमाम महनगरों में कांग्रेस को जीत मिली। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में कांग्रेस को 22 सीट मिली और वह कई शहरी सीटें जीतने में कामयाब रही।**

यह अलग बात है कि कांग्रेस के मैनेजरों ने इस जीत की गलत व्याख्या की और 2009 के बाद मध्य वर्ग की चिंता पूरी तरह से छोड़ कर अधिकार आधारित कानून बनाने में मनमोहन सरकार बिजी हो गई। नरेंद्र मोदी भी 'वंचितों को वरीयताइ की बात कर रहे हैं और गरीब कल्याण की योजनाएं चला रहे हैं लेकिन वे एक भी काम ऐसा नहीं करते हैं, जो उनके कोर वोट आधार को नाराज करे। उसको खुश करने वाले बहुत काम नहीं करते हैं तब भी नाराज करने वाला कोई काम नहीं करते हैं। अमेरिका के साथ बेहतर होते संबंधों की वजह से देश का मध्य वर्ग गदगद होगा। दूसरी ओर बाइडेन प्रशासन के साथ संबंध सुधार के लिए भी मोदी ने आगे बढ़ कर पहल की है। एक रणनीतिक गलती उनसे 2020 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले हुई थी, जब ट्रंप के साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे और वहां 'अबकी बार ट्रंप सरकारइ के नारे लगे थे। लेकिन उसके बाद कुछ भारत की पहल और कुछ अंतरराष्ट्रीय हालात की वजह से बाइडेन प्रशासन ने उस बात को भूल कर भारत को गले लगाया है। इसका भारत की घरेलू राजनीति पर बड़ा असर होगा। अमेरिकी संस्थाएं कुछ भी कहें लेकिन बाइडेन प्रशासन ऑप्टिक्स के लिए वह सब कुछ करने को तैयार है,

## धर्म परिवर्तन का खेल: गेमिंग एप से लेकर इंस्टा रील्स और यूट्यूब तक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में धर्म परिवर्तन का मामला गर्म है। अब तक केरल समेत देश के कई राज्यों में लव-जिहाद का मामला सामने आ रहा था। अब नए तरह से धर्मांतरण कराने का खुलासा हो रहा है। पिछले दिनों ऐसा ही एक गिरोह गाजियाबाद से पकड़ा गया है।

ये ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में बच्चों और युवाओं का धर्मांतरण कराते थे। इस गिरोह का दायरा देश के छह राज्यों तक फैला हुआ है। भगोड़े जाकिर नाइक से भी इसके तार जुड़ रहे हैं। पाकिस्तान से भी फंडिंग मिलने की बात सामने आई है। इस मामले में कई खुलासे हो चुके हैं। आइए जानते हैं कैसे धर्म परिवर्तन का ये खेल चल रहा था? युवाओं और बच्चों को कैसे इसके जरिए निशाना बनाया जा रहा था?



गाजियाबाद में एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ। खुलासा गाजियाबाद के राजनगर में रहने वाले एक उद्यमी की शिकायत पर हुआ। उद्यमी के 17 साल के बेटे ने इस्लाम कबूल कर लिया था। वह घर में झूठ बोलकर पांचों वक्त की नमाज पढ़ने जाता था। पिता को शक हुआ तो उन्होंने बेटे का पीछा किया। इसके बाद मालूम चला कि उनका बेटा मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ता है। बेटे से जब उन्होंने पूछताछ की तो उसने इस्लाम कबूलने की बात स्वीकार की। उद्यमी ने तुरंत इसकी शिकायत पुलिस में की।

चार जून को गाजियाबाद पुलिस ने इस केस में मस्जिद के मौलवी अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया। पूछताछ और जांच में पता चला कि ऑनलाइन गेमिंग एप फोर्ट नाइट और डिस्कार्ड के जरिए इस लड़के का ब्रेनवॉश किया गया था। पहले इस गेम में उसे हराया गया, फिर जिताने के लिए कुरान पढ़ने को कहा गया। जब उसने कुरान पढ़नी शुरू कर दी तो सामने वालों ने उसे जिताना शुरू कर दिया। इसके बाद युवक को लगा कि कुरान पढ़ने से जीत रहा हूं। फिर उसकी इस्लाम के प्रति भरोसा बढ़ता गया। इसके बाद वो मस्जिद में नमाज पढ़ने जाने लगाया। पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया है कि ये गिरोह केवल यूपी नहीं, बल्कि देश के कई राज्यों में फैला हुआ है। इसके तार भगोड़े जाकिर नाइक से लेकर पाकिस्तान तक से जुड़ चुके हैं। इसमें मुंबई के खान शहनवाज मकसूद उर्फ बद्दो का नाम सामने आया। अभी ये फरार चल रहा है।

ये भी मालूम चला है कि महाराष्ट्र में 300 से 400 लोगों का ऑनलाइन धर्मांतरण हुआ है। गाजियाबाद पुलिस को गुजरात के एक शख्स ने इससे जुड़ी कई अहम जानकारियां साझा की हैं। पुलिस के हाथ कई वीडियो और ऑडियो भी लगे हैं।

मध्यप्रदेश में भी एटीएस ने पिछले महीने धर्मांतरण गैंग के 16 लोगों को पकड़ा था। ये सब भी अलग-अलग तरह से धर्मांतरण करा रहे थे। पुलिस की जांच में सामने आया है कि ये गैंग यूपी, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश के साथ-साथ केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, दिल्ली जैसे राज्यों में भी फैला हुआ है।

### 7 वर्षीय बच्चे का कमाल, महज 10 .30 मिनट में यमुना पार कर बनाया नया रिकॉर्ड

**प्रयागराज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के सात साल के रुद्र कपूर ने ब्रेस्टस्ट्रोक स्विमिंग के जरिए महज 10.30 मिनट में यमुना पार कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। मास्टर ट्रेनर त्रिभुवन निषाद ने कहा कि यह पहली बार है जब उसकी उम्र के बच्चे ने ब्रेस्टस्ट्रोक स्टाइल का इस्तेमाल करते हुए नदी पार किया।प्रयागराज के टैगोर पब्लिक स्कूल में दूसरी कक्षा के छात्र रुद्र ने अपनी प्रशिक्षक कमला निषाद और मानस निषाद के मार्गदर्शन में तैरना शुरू किया। निषाद ने कहा, रुद्र ने 600 मीटर लंबी और 25 फीट गहरी यमुना नदी को पार कर एक रिकॉर्ड स्थापित किया। उसने सिर्फ 15 दिनों में तैरना सीखा।रुद्र के पिता राज कपूर, मां बंदनी कपूर और बहन अविका कपूर सहित परिवार के अन्य सदस्यों और अन्य स्थानीय लोगों ने गुरुवार को इस अवसर पर उसके प्रदर्शन की सराहना की।

### मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा की आग

## उग्रवादियों ने महिला सहित 3 लोगों की ली जान, दो घायल

**इम्फाल, एजेंसी।** मणिपुर में मेतई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच हिंसा थम नहीं रही। दोनों समुदायों के बीच 3 मई से हिंसा जारी है। शुक्रवार को मणिपुर में एक और हिंसक घटना घटी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मणिपुर के खोकेन गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने एक महिला सहित तीन लोगों की हत्या कर दी और दो अन्य लोगों को घायल कर दिया। यह गांव कांगपोकपी और पश्चिम इम्फाल जिले के बीच की सीमा पर स्थित है। बता दें कि संदिग्ध आतंकवादी और पीड़ित विभिन्न समुदायों से ताल्लुक रखते हैं।

पुलिस के अनुसार, कथित तौर पर खाकी पोशाक पहने हुए चरमपंथी सैन्य वाहन चला रहे थे। चरमपंथियों ने शुक्रवार की सुबह खोकेन गांव में आए और स्वचालित राइफलों से ग्रामीणों पर गोलीबारी शुरू कर दी।



बता दें कि 10 जून तक राज्य में इंटरनेट सेवा भी बंद कर दिया गया है। इस हिंसा में अभी तक 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें कि इंटरनेट सेवाएं बहाल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। हालांकि, अदालत ने इस पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है।इसी बीच अधिकारियों ने समाचार एजेंसी पीटीआइ को जानकारी दी कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (उइक) ने मणिपुर हिंसा के मामलों की जांच के लिए डीआईजी रैंक के अधिकारी के तहत विशेष कमिटी का गठन किया है।

### अमेरिका के टेक्सास में रैप ढहने से 20 से अधिक किशोर घायल

ह्यूस्टन ,। अमेरिका के टेक्सास प्रांत में एक रैंप के ढहने से कम से कम 20 किशोर घायल हो गए।

ब्रेज़ोरिया काउंटी के लिए सार्वजनिक सूचना अधिकारी शेरोन ट्रॉवर ने बताया कि घायल किशोरों की उम्र 14 से 18 वर्ष है और वे ह्यूस्टन से करीब 96 किमी दूर सर्फ़साइड बीच के स्टालमैन पार्क में ग्रीष्मकालीन शिविर आये थे।उन्होंने बताया कि घायलों में से पांच को हेलीकॉप्टर से ह्यूस्टन के अस्पतालों में ले जाया गया। अन्य किशोरों को एम्बुलेंस और निजी वाहनों से अस्पतालों में ले जाया गया है। रैंप ढहने के कारणों की जांच की जा रही है।

### मुंबई की इमारत में लगी आग में 60 लोगों को किया गया रेस्क्यू, एक घायल

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के भीड़भाड़ वाले झावेरी नजर इलाके में शुक्रवार तड़के एक रिहायशी इमारत में लगी भीषण आग में कम से कम 60 लोगों को बचा लिया गया, वहीं एक व्यक्ति घायल हो गया। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने यह जानकारी दी। आग रात करीब 1.30 बजे धुन्जी स्ट्रीट पर एक पुरानी छह मंजिला इमारत में लगी, जब लोग सो रहे थे।मुंबई फायर ब्रिगेड की टीमें इमारत में लगी आग को बुझाने के लिए मौके पर पहुंचीं।एहतियात के तौर पर, दमकलकर्मियों ने तुरंत बगल की इमारत की सीढ़ी का उपयोग कर निवासियों को बाहर निकाला। इस दौरान छत और सीढ़ी के कुछ हिस्से गिरने लगे।

40 वर्षीय पराग चाकणकर को आग के चलते कुछ मामूली चोटें आईं, उनका इलाज किया गया।करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद आखिरकार शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे आग पर काबू पा लिया गया।

### भाजपा विधायक के घर पर बम से हमला, धमाके से उड़ा गेट; बाइक से आए थे हमलावर

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में नौरिया पाखानग्लक्पा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक एस केबी के मुख्य द्वार पर गुरुवार की रात बम विस्फोट किये जाने घटना सामने आई हैं। हमले में विधायक के घर का गेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

मौके पर पहुंची पुलिस इंफाल पश्चिम के निंगथेमचा करोंग में स्थित विधायक के आवास पर हुई घटना की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के कारण गेट क्षतिग्रस्त हो गया हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है। सीसीटीवी फुटेज की जांच में बाइक सवार दो संदिग्ध बम फेंकते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि हमले के वक्त नौरिया पखंग लक्पा सीट से विधायक केबी देवी घर पर मौजूद थीं।विधायक एस केबी ने मीडिया से कहा, यह बेहद अपमानजनक और परेशान करने वाला है कि राज्य में व्याप्त अशांति के बीच मेरे घर पर इस तरह का विस्फोट हुआ। उन्होंने इस घटना के पीछे के लोगों से अपील की कि वे भविष्य में कहीं भी इस तरह की गतिविधियों को न दोहराएं। विधायक ने आगे कहा, हम सभी इंसान हैं और दोनों समुदायों के बीच जो भी मनमुटाव है उसे बम के बिना सुलझाया जा सकता है।

### असम में 3.7 तीव्रता से आया भूकंप

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम में शुक्रवार को 3.7 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, झटका सुबह 10:05 बजे महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र तेजपुर से 39 किमी पश्चिम में 10 किमी की गहराई में था।गुवाहाटी और राज्य के अन्य शहरों के कुछ हिस्सों में झटके महसूस किए गए।इससे पहले 29 मई को 4.4 तीव्रता का भूकंप आया था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, इस भूकंप का केंद्र तेजपुर के पास सतह से 15 किमी की गहराई में था।

## खराब मौसम की घटनाओं ने ले ली 233 लोगों की जान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर के लोग जलवायु परिवर्तन के कारण बाढ़, बिन मौसम बरसात और अत्यधिक गर्मी का सामना कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन को लेकर दुनियाभर में बहस भी लंबे समय से चल रही है लेकिन इसका कोई हल निकलता नहीं दिख रहा है और ऐसे बदलते मौसम की वजह से लोगों की जान भी जा रही है। वहीं सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल जनवरी से अप्रैल महीने के बीच चरम (बेहद खराब) मौसम की घटनाओं ने 233 लोगों की जान ले ली और 0.95 मिलियन हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचाया।

खराब मौसम ने 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रभावित किया है। राजस्थान और महाराष्ट्र में बेहद खराब मौसम के कारण अधिकतम 30 लोगों की मौत हुई, इसके बाद हिमाचल प्रदेश (28) और बिहार और मध्य प्रदेश (27) हैं। दिल्ली में पिछले वर्ष की अवधि के दौरान 25 मौतें हुई थी वहीं इस साल 12 मौतों की सूचना दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी और अप्रैल 2022 के बीच, खराब मौसम की घटनाओं ने 86 लोगों की जान ले ली थी और 0.03 मिलियन हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचाया। 2022 में इसी अवधि के दौरान 35 दिनों की तुलना में इस बार 58 दिनों में बिजली और तूफान आए। इनमें से अधिकांश घटनाएं मार्च और अप्रैल में हुईं। देश ने पिछले साल के 40 दिनों की तुलना में 2023 के पहले चार महीनों में सिर्फ 15 हीटवेव दिन दर्ज किए।

गोवा सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि अत्यधिक गर्मी के कारण 10 जून को हायर सेकेंडरी तक के सभी सरकारी स्कूल बंद रहेंगे। शिक्षा निदेशक शैलेश झिंगडे ने दिन में सर्कुलर जारी कर शनिवार को स्कूल बंद रखने की घोषणा की। सर्कुलर जारी कर कहा कि अत्यधिक गर्मी और राज्य में मानसून में देरी के कारण, सक्षम प्राधिकारी द्वारा 10 जून को सभी संस्थानों को बंद करने का निर्णय लिया गया है।

## सीआरपीएफ सिपाही ने 13 साल में की पांच शादियां

**नई दिल्ली, एजेंसी:** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' में एक अनूठा मामला सामने आया है। सिपाही/जीडी हरेंद्र राम ने एक-दो नहीं, बल्कि पांच शादियां कर डालीं।

खास बात है कि बल को यह बात मालूम नहीं चली। इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब सिपाही पांचवीं शादी कर चुका था। उसकी चौथी पत्नी को कहीं से यह मालूम हुआ कि सिपाही हरेंद्र ने तो दूसरी जगह शादी कर ली है। इसके बाद उसने यह भी पता लगा लिया कि हरेंद्र ने तो पांच शादियां की हैं। सभी पत्नियां जीवित हैं। तब जाकर उसने सीआरपीएफ की 9वीं बटालियन को विस्तृत शिकायत की। सीआरपीएफ ने इस मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए। जांच रिपोर्ट पेश कर दी गई है। बताया जा रहा है कि सिपाही हरेंद्र की नौकरी पर तलवार लटक गई है। ये मामला हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 13, सिविल सेवा (आचरण) नियमावली 1964 21 (2) एवं सीआरपीएफ अधिनियम 1949 की धारा 11 (1) के साथ पठित सीआरपीएफ नियमावली, 1955 के नियम 27 के अधीन दंडनीय अपराध है।

सूत्रों के मुताबिक, जांच अधिकारी ने सिपाही/जीडी हरेंद्र राम के मामले की जांच रिपोर्ट बल मुख्यालय को सौंपी है। सिपाही 9वीं बटालियन में तैनात है।



फूटा भांडा तो अब नौकरी पर लटकी तलवार

विभागीय जांच में आरोपी को भी 17 फरवरी 2023 को अपनी बात रखने का मौका दिया गया था। आरोपी ने तय समय पर अपनी बात रखी। इस केस की जांच पड़ताल के दौरान कई लोगों के बयान दर्ज किए गए थे। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सिपाही हरेंद्र राम पर आरोप है कि उसने ड्यूटी पर रहते हुए सीआरपीएफ अधिनियम, 1949 की धारा 11 (1) के साथ पठित सीआरपीएफ नियमावली, 1955 के नियम (15) के अधीन बल का सदस्य/केंद्रीय कर्मचारी होने की हैसियत से आदेशों की अवज्ञा/कदाचार किया है।

सिपाही ने अपनी पहली पत्नी के जीवित होते हुए एक से अधिक विवाह किए हैं। उसने पांचवीं शादी 29 नवंबर 2021 को निशा कुमारी के साथ की है। इसकी जानकारी विभाग को नहीं दी गई है। नियमानुसार, उसने विभाग से इस बाबत कोई अनुमति भी नहीं ली है। पूर्व पत्नी के जीवित होते हुए और बिना किसी कानूनी प्रावधानों का पालन किए, एक से ज्यादा विवाह कर लिए, ये हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 13, सिविल सेवा (आचरण) नियमावली 1964 21 (2) एवं सीआरपीएफ अधिनियम 1949 की धारा 11 (1) के साथ पठित सीआरपीएफ नियमावली, 1955 के नियम 27 के अधीन दंडनीय अपराध है। साथ ही यहकदम सीआरपीएफ के अच्छे अनुशासन के विपरित है।

सिपाही हरेंद्र राम पहले तीन शादी कर चुका था। सीआरपीएफ को इसकी भनक नहीं लग सकी। चौथी शादी का मामला भी छिप गया। इसके बाद पांचवीं शादी हो गई। सीआरपीएफ सिपाही की पहली शादी 20 मई 2008 को रिंकी कुमारी के साथ हुई थी। इसके बाद दूसरा विवाह कविता कुमारी के साथ 16 मई 2010 को संपन्न हुआ। अभी तक हुए दो विवाह का भेद बरकरार रहा। किसी को खबर नहीं लगी। इसके लिए कानूनी प्रक्रिया भी नहीं अपनाई गई। शादियों का यह सिलसिला आगे भी जारी रहा। सिपाही हरेंद्र ने 19 अगस्त 2014 को अनिता कुमारी के साथ तीसरी शादी कर ली। इसके तीन साल बाद खुशबु कुमारी के साथ 8 मई 2017 को चौथी शादी हो गई। सीआरपीएफ को इस शादी के बारे में भी कोई सूचना नहीं मिली। हरेंद्र ने 30 नवंबर 2011 को निशा कुमारी के साथ पांचवीं शादी कर ली। यह सारा मामला चौथी शादी के दौरान खुला। खुशबु कुमारी को जब सिपाही की हकीकत पता चली तो उसने 9वीं बटालियन को पत्र लिख दिया। उसमें सिपाही हरेंद्र द्वारा की गई सभी शादियों का उल्लेख किया गया था।

इसके बाद सीआरपीएफ ने इस मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए। मामला अदालत तक भी पहुंच गया। सिपाही ने अपनी शादियों के दौरान जो अवकाश लिया था, उसका विवरण निकाला गया। अवकाश से गैर हाजिर होने का भी रिकॉर्ड मंगाया गया।

पांचवें विवाह तथा न्यायालय में पेशी की तारीख से मामले की कड़ियां जुड़ गईं। कुटुम्ब न्यायालय भोजपुर, आरा ने भी रिंकी कुमारी से तलाक मामले में एक आदेश दिया था। 24 अक्तूबर 2013 के कोर्ट दस्तावेजों में कहा गया कि सिपाही हरेंद्र राम और रिंकी कुमारी का मामला सामने आया था। उसमें कहा गया कि आरोपी ने अपनी पहली पत्नी रिंकी कुमारी के जीवित रहते हुए दूसरा विवाह कविता कुमारी के साथ किया था। इस मामले में बल के सूत्रों का कहना है, यह एक गंभीर मामला है।

चूंकि हरेंद्र की सभी पत्नी जीवित हैं और उसने बल को इस मामले में कोई सूचना नहीं दी है। ऐसे में संभव है कि आरोपी सिपाही की नौकरी पर तलवार लटक जाए। इस तरह के केसों में बल द्वारा सख्त कार्रवाई की जाती है।

### आगरा में बुजुर्ग दंपति ने की आत्महत्या

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा जिले के झोरियानपुरा इलाके में एक बुजुर्ग दंपति ने अपने आवास के बाहर आत्महत्या कर ली। घटना पिनाहट थाना क्षेत्र के माजरा हेरोन गांव की है। पुलिस के अनुसार, 60 वर्षीय निहाल सिंह और 56 वर्षीय उनकी पत्नी विमला देवी के शव गुरुवार को उनके घर से लगभग दो सौ मीटर दूर एक पेड़ से लटके पाए गए थे।

निहाल सिंह के रिश्तेदार पारस सिंह ने बताया कि दंपति के दो बेटे हैं, जो मुंबई में मिठाई की दुकान चलाते हैं और उनकी पत्नियां बुजुर्ग दंपति के साथ रह रही हैं। उन्होंने कहा, उनके पास किसी के साथ कोई स्पष्ट मुद्दा नहीं था। सभी हैरान हैं कि उन्होंने आत्महत्या क्यों की। उनके बेटों को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है।

## कर्नाटक में हेडगेवार से जुड़ा पाठ हटाने पर बवाल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कर्नाटक में अब किताब पर राजनीति शुरू हो गई है। राज्य के मंत्री दिनेश गुंडुराव ने कहा है कि सिद्धारमैया सरकार पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई पाठ्यपुस्तकों से कुछ पाठों को हटाएगी। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार से जुड़ी सामग्री भी शामिल है।

राज्य में सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के कई नेताओं ने किताबों में बदलाव के संकेत देने शुरू कर दिए थे। अब इसकी घोषणा ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विवाद का एक विषय बना दिया है। ऐसे में जानना जरूरी है कि कर्नाटक में किताबों को लेकर क्या हो रहा है? किताबों से क्यों हटाया जा रहा



हेडगेवार का पाठ? क्या पहले भी उनसे जुड़े विवाद थे? सरकार का क्या कहना है? संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार का जन्म 1 अप्रैल 1889 को नागपुर स्थित एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। 13 साल की उम्र में प्लेग संक्रमण की वजह से केशव ने अपने माता-पिता को खो दिया। पुणे में स्थित हाईस्कूल में उन्होंने शुरुआती पढ़ाई की। 1915 में वो डॉक्टर के रूप में नागपुर लौटे।

संघ के अनुसार, डॉक्टर बनने के पीछे केशव का उद्देश्य कभी भी शासकीय सेवा में प्रवेश लेना या अपना अस्पताल खोलकर पैसा कमाना नहीं था। उनका तो एकमात्र ध्येय, भारत का स्वातंत्र्य ही था। अपने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वे लोकमान्य तिलक से प्रेरणा लेकर वर्ष 1916 में कांग्रेस के जन-आंदोलन से जुड़ गए। डॉ. हेडगेवार ने 1920 में नागपुर में हुए कांग्रेस के अधिवेशन का पूरा जिम्मा संभाला था। 1925 में विजयदशमी के दिन ही हेडगेवार ने संघ की स्थापना की। 21 जून, 1940 को बीमारी के चलते डॉ. हेडगेवार का निधन हो गया।

कर्नाटक सरकार ने स्कूल की पाठ्यपुस्तक में बदलाव की योजना बनाई है। सरकार आरएसएस संस्थापक से जुड़ा पाठ हटाने पर विचार कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह निर्णय बेंगलुरु में शैक्षिक सुधारों पर एक बैठक में लिया गया था। इस बैठक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और स्कूल शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने भाग लिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कक्षा 10 की कन्नड़ पाठ्यपुस्तक में हेडगेवार पर एक अध्याय इस शैक्षणिक वर्ष से हटा दिया जाएगा। यह अध्याय पिछली भाजपा सरकार द्वारा राज्य के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया था।

यह निर्णय कर्नाटक में शिक्षा जगत से जुड़े लोगों की एक अपील के हफ्तों बाद आया है। दरअसल, पिछले दिनों शिक्षकों और स्कूल संघों ने नवगठित सरकार से पिछली भाजपा सरकार द्वारा राज्य पाठ्यक्रम की पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलावों को उलटने की मांग की थी।

बेंगलुरु में नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया में शिक्षा के सार्वभौमीकरण की प्रमुख प्रोफेसर वीपी निरंजन आराध्या के साथ मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की एक बैठक हुई। इस दौरान एक प्रस्ताव लाया गया कि नई मुद्रित पाठ्यपुस्तकों में परिवर्तित अध्यायों को शिक्षण और मूल्यांकन से बाहर रखा जा सकता है। बता दें कि राज्य में शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए छात्रों को पुस्तकें पहले ही वितरित की जा चुकी हैं।

### स्कूली छात्राओं से दुष्कर्म मामले में एनएचआरसी ने सरकार और पुलिस को जारी किया नोटिस

**उदयपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने डूंगरपुर जिले के एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा छह स्कूली नाबालिग छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में राजस्थान सरकार और राज्य पुलिस को नोटिस जारी किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मामला डूंगरपुर जिले के झाकोल स्थित सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक रमेशचंद कटारा से जुड़ा है, जिसके खिलाफ एक छात्रा के अभिभावक ने शिकायत दर्ज कराई थी और मामले की जांच के बाछ स्कूल में पढ़ने वाली नौ से 12 साल की बालिकाओं के साथ उसके यौन उत्पीड़न के मामले सामने आए, जिसमें पुलिस पीड़िताओं के बयान दर्ज कर चुकी थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार कर लिया था।मानवाधिकार आयोग ने मामला मीडिया के जरिए सामने आने पर प्रधानाध्यापक के कृत्य को मानवाधिकार का उल्लंघन बताया। जिसके बाद राजस्थान के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसमें पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी की स्थिति, प्रिंसिपल के खिलाफ की गई कार्रवाई और पीड़ितों को दिया गया मुआवजा, यदि कोई हो, शामिल होना चाहिए।

## योगी सरकार ने दी बड़ी सौगात, पांच साल के ट्रैफिक चालान निरस्त, सभी वाहनों पर लागू

**लखनऊ , एजेंसी।** योगी सरकार ने प्रदेश के निजी और कामर्शियल वाहन स्वामियों को बड़ी सौगात दी है। योगी सरकार ने यूपी में लंबे समय से वाहन चालान का भुगतान न करने वाले मालिकों को रियायत देते हुए उनका चालान निरस्त कर दिया है। सीएम योगी के इस फैसले से प्रदेश के लाखों वाहन मालिकों ने राहत की सांस ली है। यह उन वाहन चालकों के लिए खुशखबरी है जिनके अलग-अलग ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में चालान काटे थे। ऐसे में



जितने भी उत्तर प्रदेश में 1 जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 के बीच चालान काटे गये हैं। उनके सभी चालान निरस्त कर दिए गए हैं। साथ ही जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित है। यह सभी वाहनों पर लागू होते हैं।

परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि न्यायालय में उपसमित वादों की सूची प्राप्त कर इन चालानों को पोर्टल से डिलीट कर दिए जाएं। यूपी सरकार के इस कदम से बाकी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

शासन की ओर से इस संबंध में निर्देश सभी संभागीय परिवहन कार्यालयों में भेज दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि न्यायालय में लंबित चालान की सूची प्राप्त कर ई चालान पोर्टल से इसे हटा दिया जाए। आदेश के मुताबिक, एक जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 की अवधि में काटे गए चालानों को निरस्त किया जा रहा है।

परिवहन आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 2 जून 2023 के माध्यम से यह व्यवस्था लागू की गई है कि पुराने लंबित चालान निरस्त करा दिए जाएं। मालूम हो कि नोएडा में किसान इस तरह से चालान को निरस्त करने की मांग करते हुए धरना दे रहे थे। इससे पूरे उत्तर प्रदेश में करोड़ों लोगों के चालान माफ होने का रास्ता साफ हो गया है।

### भाजपा सांसद मीणा ने वैभव गहलोत पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, ईडी को सौंपे सबूत

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा 5,000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले को लेकर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग (डीओआईटीसी) के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शिकायत दर्ज कराने के बाद अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत के खिलाफ शुक्रवार को एजेंसी को एक अलग से शिकायत दर्ज कराएंगे। उनकी टीम ने बताया कि मीणा शुक्रवार को ईडी कार्यालय पहुंचेंगे और वैभव गहलोत और फेयरमोंट होटल के मालिक रतनकांत शर्मा के खिलाफ 'सबूतइ सौंपेंगे।

भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि मॉरीशस की एक शेल कंपनी ने होटल फेयरमोंट में करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

मीणा ने आरोप लगाया कि यह पैसा गहलोत और उनके परिवार के सदस्यों का है, जिसे पहले हवाला चैनल के जरिए मॉरीशस भेजा गया था।

# 'रहाणे ने अपने करियर की बेहतरीन पारी खेली', पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने किया खुलासा

लंदन, अभिषेक त्रिपाठी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग लंदन के द ओवल में खेले जा रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे की पारी से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने रहाणे की इस पारी को उनके करियर की बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया है। अभिषेक त्रिपाठी ने रिकी पोंटिंग से की खास बातचीत, पेश हैं मुख्य अंश।

भारत को बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में क्या हो जाता है। क्या यह तैयारियों में कमी की वजह से होता है या इसके पीछे मानसिकता है?

– अब तक टीम जैसा खेल रही है, उससे नहीं लगता कि तैयारियों में कोई कमी है क्योंकि, ऐसा नहीं है कि टीम ने सिर्फ एक ही टेस्ट मैच खेला है। भारत के अधिकतर खिलाड़ी अभी आईपीएल खेलकर आए हैं, लेकिन इस मैच के लिए बेहतर तैयारी की जरूरत है।

आईपीएल में काफी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट देखने मिला था और यहां भी ऐसा ही दिख रहा है। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस ने गेंद से अच्छी शुरुआत की और दबाव बनाया तथा विकेट लिए। सभी टीम अपनी तैयारियां करती हैं और कौन उस दिन अपनी रणनीति को सही तरीके से अंजाम दे पाता है। यह उस पर निर्भर करता है। ट्रैविस हेड इसका उदाहरण हैं, जिन्हें कुछ ही महीने पहले टेस्ट टीम में जगह मिली थी और उन्होंने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

अजिंक्य रहाणे ने लंबे समय बाद टेस्ट टीम में जगह बनाई और जिस तरह से पहली पारी में प्रदर्शन किया उसे आप किस तरह देखते हैं?

– रहाणे ने सही मायने में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और मैं निजी तौर पर कह रहा हूं कि मुझे उनकी बल्लेबाजी देखने में आनंद आया। वह लंबे समय से टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं थे और अवसर मिलने पर उन्होंने साबित किया।

मेरे ख्याल से बड़े खिलाड़ी ऐसे ही होते हैं। उन्होंने कुछ अच्छे रक्षात्मक शाट खेले और अच्छी पारी खेली। जब टीम को सबसे ज्यादा जरूरत थी उस वक्त उन्होंने अपनी करियर की सबसे बेहतरीन पारी में से एक पारी खेली।



आपको क्या लगता है फाइनल में एक टेस्ट होना बेहतर है या बेस्ट आफ तीन टेस्ट का प्रारूप होना चाहिए?

–एक टेस्ट का होना बेहतर है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में मैच के अंत में विजेता टीम को गदा मिलती है और विश्व कप का फाइनल में इसी प्रारूप में खेला जाता है। दो साल की कड़ी मेहनत के बाद टेस्ट की शीर्ष दो टीमें में से एक टीम जब फाइनल के बाद ट्राफी उठाती है तो यह देखना अच्छा लगता है। शीर्ष दो टीमें पांच दिनों तक कड़ी प्रतिस्पर्धा करती हैं तो मेरे ख्याल से यह बेहतर प्रारूप है।

आपको लगता है कि एशेज के लिए कुछ बदलाव किए जाएंगे?

–नहीं मुझे ऐसा नहीं लगता कि किसी तरह का बदलाव होगा। स्काट बोलैंड बेहतरीन गेंदबाजी कर रहे हैं और चयनकर्ताओं ने सोच कर ही टीम चुनी है। हालांकि, उन्हें यह भी देखना होता है कि टीम में अगर कोई खिलाड़ी चोटिल होता है तो उसका रिप्लेसमेंट कौन होगा। एशेज के लिए सभी गेंदबाजों को पूरी तरह फिट और तैयार रहना पड़ता है क्योंकि वहां एक टेस्ट नहीं होना है। आपको छह सप्ताह तक कई मैच खेलने हैं इसके लिए सभी गेंदबाजों को लय बरकरार रखनी होगी।

आप टीम के कप्तान भी रहे हैं, ऐसे में आपको लगता है कि पैट कमिंस के लिए हर मैच में बेहतर करना वास्तविक होगा?

–टीम के पास कैमरन ग्रीन भी हैं और एशेज सीरीज में वह गेंदबाजी में बेहतर कर सकते हैं। मुझे यकीन है कि प्रबंधन ने इस बारे में जरूर विचार किया होगा। कमिंस की मदद करने के लिए ग्रीन जैसे कुछ और गेंदबाज भी मौजूद हैं। ग्रीन अभी आईपीएल में खेल कर लौटे हैं और डब्ल्यूटीसी फाइनल की पहली पारी में भी अच्छी गेंदबाजी की है।

इंग्लैंड की टीम बैजबाल को लेकर चल रही है और उसे इससे सफलता भी मिली है। क्या अन्य टीमों को भी यह रणनीति अपनानी चाहिए?

– मुझे लगता है कि यह असंभव है। हां, टीमें प्रयास कर सकती है, लेकिन सभी लोग ऐसा कर पाएंगे यह संभव नहीं है। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पिछली कुछ सीरीज में बेहतर प्रदर्शन किया है और लगातार बाउंड्री से रन बनाने की कोशिश की है। मुझे लगता है कि उन्होंने द्विपक्षीय सीरीज जीतने के लिए क्रिकेट के ब्रांड में बदलाव लाने के लिए ऐसा करने की कोशिश की है।

पैट कमिंस ने पहली पारी में अधिक नोबाल की, उनकी गेंदबाजी को लेकर क्या कहेंगे?

–कमिंस ने डब्ल्यूटीसी फाइनल की पहली पारी में छह नोबाल की। उन्हें इतनी अधिक नोबाल नहीं करनी चाहिए थी और मुझे यकीन है कि वह इसमें सुधार करने की कोशिश करेंगे। हो सकता है कि दूसरी पारी में कमिंस ऐसा ना करें।

आपको क्या लगता डब्ल्यूटीसी फाइनल का नतीजा क्या होगा?

–अभी तक जिस तरह का मैच चल रहा है उसे देखते हुए मैं यह नहीं कह सकता कि भारत इस मैच को जीत सकता है। हालांकि इस खेल का इतिहास रहा है अचंभित करने वाले नतीजे देना, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों के लिए यहां की परिस्थिति में खेलना आसान नहीं होगा।

# धोनी के चहेते बॉलर को मिला वर्ल्ड कप खेलने का मौका





नई दिल्ली, आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 क्वालीफायर के लिए श्रीलंका ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। श्रीलंका ने अपनी टीम में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से आईपीएल खेलने वाले मथीशा पथिराना को जगह दी है। पथिराना ने एक हफ्ते पहले ही अफगानिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। एजंलो मैथ्यूज को टीम में जगह नहीं दी गई है। अफगानिस्तान के खिलाफ डेब्यू करने वाले पथिराना पहले मैच में काफी महंगे साबित हुए थे। उन्होंने उस मैच में 7.47 की इकॉनोमी से रन दिए और सिर्फ एक विकेट हासिल किया था। इस मैच में उन्होंने 8 वाइड दी थी। अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गई तीन वनडे मैचों की पूरी सीरीज में पथिराना ने सिर्फ 3 विकेट लिए थे।

**आईपीएल में लिए थे 19 विकेट**

धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल खेलने वाले मथीशा पथिराना ने 19 विकेट हासिल किए थे। उनको डेथ ओवर स्पेशलिस्ट कहा जाता है। वह बेबी मलिंगा के नाम से प्रसिद्ध हैं। आईपीएल 2023 में दमदार प्रदर्शन के चलते धोनी के सबसे पंसदीदा गेंदबाज बने। उनके इस प्रदर्शन पर श्रीलंका के चयनकर्ताओं ने उन पर भरोसा जताया है।

**एजंलो मैथ्यूज को किया ड्रॉप**

बता दें कि श्रीलंका ने अनुभवी खिलाड़ी एजंलो मैथ्यूज को टीम में शामिल नहीं किया गया है। न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के दौरान उनके बल्ले से रन नहीं निकले थे। इसके चलते उन्हें टीम में जगह नहीं दी गई। वर्ल्ड कप क्वालीफायर का आगाज 18 जून से जिम्बाब्वे में होगा। वर्ल्ड कप क्वालीफायर में 10 टीमें खेलेंगी, जिसमें से दो टीमें ही आगे विश्व कप में जाएंगी। वहीं, अक्टूबर–नवंबर महीने में भारत में वनडे वर्ल्ड कप खेला जाएगा।

वर्ल्ड कप क्वालीफायर के लिए श्रीलंका टीमः दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसंका, चरित असलंका, धनंजय डी सिल्वा, सदीरा समरविक्रमा, वानिंदु हसरंगा, चमिका करुणारत्ने, दुशमंथा चमीरा, कसुन राजिथा, लाहिरू कुमारा, महेश तीक्षणा , मथीशा पथिराना, दुशान हेमंथा

# सोशल मीडिया पर लाइव कैफ– ऑस्ट्रेलिया टीम को बताया डरपोक

नई दिल्ली, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों पर पूरी तरह से हावी नजर आए।

ऐसे में भारत के ओपनर्स, विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा, रवींद्र जडेजा का विकेट जाने के बाद अजिंक्य रहाणे और रहाणे के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी थी, लेकिन तीसरे दिन का खेल शुरू होते ही भारत ने केएस भारत का विकेट खो दिया।

दो भारतीय खिलाड़ियों ने जड़ा अर्धशतक–

ऐसे में तीसरे दिन ओवल के मैदान पर भारत की ओर से दो खिलाड़ियों ने अर्धशतक लगाए। पहले अजिंक्य रहाणे और अब शार्दुल ठाकुर ने भारत के लिए अर्धशतक जड़ा। दोनों ने मिलकर भारत के सिर पर मंडरा रहे फॉलो ऑन के खतरे को टाला। इसके बाद टीम ने रहाणे का विकेट खो दिया।

इंस्टाग्राम पर बोले कैफ–

इसके साथ ही यह शार्दुल का टेस्ट मैच में कुल चौथा और ओवल के मैदान पर तीसरा



अर्धशतक है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की टीम विकेट लेने के लिए परेशान थी। इस दौरान भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने इंस्टाग्राम पर लाइव होकर ऑस्ट्रेलिया को संदेश दिया। कैफ ने कंगारू टीम को डरपोक बताते हुए कहा कि भारत के हाथ से अभी मैच नहीं निकला है।

## फिल्मी सफर

# सलमान खान को अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार, करण जौहर और सूरज बड़ज़ात्या संग चल रही बातचीत



सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियों में हैं तो हाल ही में उनका शाहरुख खान के साथ शूटिंग से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस सबके बीच प्रशंसक ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि सलमान आगे किन फिल्मों का हिस्सा बनने वाले हैं। कहा जा रहा है अभिनेता फिलहाल सही स्क्रिप्ट की तलाश में हैं और उनकी करण जौहर, साजिद नाडियाडवाला और सूरज बडज़ात्या संग बातचीत भी चल रही है।

सलमान के करीबी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अभिनेता इन दिनों सूरज, करण और साजिद से जवाब मिलने का इंतजार कर रहे हैं। सूत्र के अनुसार, सलमान नो एंट्री 2 करने के इच्छुक हैं, लेकिन फिल्म से जुड़े कई मुद्दे हैं, जिन्हें सुलझाया जाना बाकी है और उन पर अब उनकी टीम काम कर रही है। सूत्र ने बताया कि अभिनेता 3 परियोजनाओं को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जिसकी उन्हें पटकथा सुननी है।

करण से एक्शन फिल्म को लेकर चल रही बात

सूत्र ने कहा, करण और विष्णु वर्धन भारतीय सेना की पृष्ठभूमि पर आधारित अपनी एक्शन फिल्म के लिए सलमान के साथ बातचीत कर रहे हैं। आईफा के लिए अबू धाबी जाने से एक दिन पहले भी सलमान के साथ उनकी मीटिंग हुई थी और अब दोबारा जून में मीटिंग होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, फिल्म के बारे में जानकर ही सलमान खुश है, लेकिन यह महीने के अंत तक पता चलेगा कि क्या वह यह फिल्म करेंगे या नहीं।

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए सूत्र ने कहा, सूरज और साजिद सलमान को जल्द फिल्म की कहानी सुनाएंगे। सूरज की फिल्म एकल परिवारों की पृष्ठभूमि पर आधारित एक विवाहित जोड़े की कहानी है, तो साजिद किक 2 की तैयारी कर रहे हैं। सूत्र ने कहा, अगर करण के साथ बात नहीं बनती है तो सलमान सूरज के साथ जा सकते हैं क्योंकि वह अगस्त तक अपनी कहानी पूरी कर लेंगे। उन्हें दिवाली 2024 तक यह फिल्म रिलीज करनी है।

**किस फिल्म का हिस्सा बनेंगे सलमान?**

सलमान किक के सीक्वल का भी हिस्सा बनना चाहते हैं, लेकिन अभी इस फिल्म की पटकथा पर काम चल रहा है। सूत्र का कहना है कि सलमान के पास अगले साल फरवरी/मार्च तक की तारीख है क्योंकि उसके बाद टाइगर वर्सेज पठान शुरू हो रही है। सूत्र का कहा, ऐसे में जिस फिल्म का काम जल्दी पूरा होगा वह उसका हिस्सा बन सकते हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि सलमान किसी भी फिल्म से उत्साहित नहीं हैं।

इन फिल्मों का भी मिला ऑफर

इनके अलावा भी सलमान के पास कई फिल्मों के ऑफर हैं। हरीश शंकर ने मैत्री प्रोडक्शंस के तहत सलमान को एक स्क्रिप्ट सुनाई थी, लेकिन वह से इसे प्रभावित नहीं हुए। दिल राजू उनके पास एक एक्शन फिल्म लाए, लेकिन वह ऐसी फिल्म करने के मूड में नहीं थे। इसके अलावा चर्चा थी कि वह स्पैनिश फिल्म के रीमेक चैंपियंस में नजर आएंगे, लेकिन अब कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह इसका हिस्सा बन गए हैं।

## अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए मिजार्पुर 3 में आ रही ईशा तलवार



एक्ट्रेस ईशा तलवार फिलहाल मिजार्पुर 3 का इंतजार कर रही हैं। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब कोई एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो दिलचस्प ड्रामे के अलावा किसी और चीज की उम्मीद न करें। एक्ट्रेस माधुरी यादव की भूमिका में हैं। सीजन 3 में वह मुन्ना भैया की पत्नी के रूप में नजर आएंगी और अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए गुड्डु पंडित (अली फजल) और गोलू गुप्ता (श्वेता त्रिपाठी शर्मा) से मुकाबला करेंगी। ईशा ने कहाः माधुरी यादव, जैसा कि हमने पहले ही मिजार्पुर सीजन 2 में देखा था, कालीन भैया से सत्ता लगभग छीन ली थी, जिसका किरदार पंकज त्रिपाठी ने निभाया था। जब आप शो में इस तरह के एक महत्वपूर्ण किरदार को देखते हैं, तो ड्रामा के अलावा कुछ भी उम्मीद न करें। यह अगला भाग शो के करीब एक और कहानी के लिए छोड़ा जा सकता है क्योंकि मुन्ना की मौत के बारे में दर्शक अभी भी भ्रमित हैं, मैं इसे व्यक्तिगत अनुभव से जानती हूं। वह हाल ही में होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित ह्यसास बहू और फ्लेमिंगोह्व में नजर आई थीं। सास बहू और फ्लेमिंगो में सावित्री के किरदार में डिंपल कपाडिय़ा भी हैं, जो एक ड्रग कार्टेल चलाती हैं, और उनकी बहु अंगिरा धर और ईशा व बेटी राधिका मदान द्वारा समर्थित है। इस शो में नसीरुद्दीन शाह, आशीष वर्मा, वरुण मित्रा, उदित अरोड़ा, दीपक डोबरियाल, मोनिका डोगरा और जिमित त्रिवेद भी हैं। यह वर्तमान में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग है।

## मलयालम फिल्म 2018 की कमाई जारी, 100 करोड़ रुपये की ओर कारोबार

2018: एवरीवन इज ए हीरो को रिलीज हुए 1 महीना बीत चुका है और फिल्म का अभी भी बॉक्स ऑफिस में शानदार प्रदर्शन जारी है। यह फिल्म 5 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे शुरुआत से ही दर्शकों के साथ–साथ समीक्षकों द्वारा भरपूर प्यार मिल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2018 ने रविवार को 1.73 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 89.91 करोड़ रुपये हो गया है। 2018 धीरे–धीरे ही सही, लेकिन 100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है, वहीं फिल्म ने दुनियाभर में 160 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इसका निर्देशन ज्यूड एंथनी जोसेफ ने किया है। 2018 में टोविनो थॉमस के अलावा कनचाको बोबन, आसिफ अली और अपर्णा बालमुरली जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।

# तमन्ना भाटिया की जी करदा इस ओटीटी पर होगी रिलीज, सामने आई तारीख



एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की अपकमिंग कंटेम्परेरी रोमांस ड्रामा सीरीज जी करदा 15 जून से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

जी करदा, जो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी, बचपन के सात दोस्तों की एक दिलचस्प कहानी है, जिन्होंने सोचा था कि जब वे 30 साल के होंगे, तब उनकी जिंदगी बेहद आसान और सपनों–सी सुंदर होगी। हालांकि, 30 साल के होने पर उन्हें एहसास होता है कि उनकी जिंदगी तो परेशानियों से भरी है। वे साथ रहते हैं, प्यार करते हैं, हंसते हैं, गलतियां करते हैं, उनका दिल टूटता है, और वे थोड़े बड़े हो जाते हैं, लेकिन इस सब के बीच उन्हें लगता है कि गहरी दोस्ती और गहरे नाते भी अधूरे होते हैं और जिंदगी अबूझ पहेली की तरह है।

दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित जी करदा अरुणिमा शर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित है और हुसैन दलाल और अब्बास दलाल द्वारा सह–लिखित है। आठ एपिसोडिक शो में आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सायन बनर्जी, संवेदना सुवालका, सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर भी हैं।

इंडिया ओरिजिनल्स, प्राइम वीडियो की प्रमुख अपर्णा पुरोहित ने कहा, जी करदा प्यार, दिल टूटने, डेटिंग, परिवार से जुड़ाव और इन सब बातों से बढक़र, दोस्ती के अटूट बंधन के बारे में दिल को छू लेने वाली कहानी है,

# फिल्म जरा हटके जरा बचके देख रहे दर्शकों से मिलने पहुंचे विक्की–सारा, साझा किया वीडियो

विक्की कौशल और सारा अली खान की जरा हटके जरा बचके को बेशक समीक्षकों द्वारा कुछ खास प्रतिक्रिया न मिली हो, लेकिन इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों की टिकट खिडक़ी पर लंबी कतार लगी हुई है। जरा हटके जरा बचके ने 2 जून को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था और फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है। अब विक्की–सारा ने सिनेमाघर में जरा हटके जरा बचके देख रहे दर्शकों को खास तोहफा दिया है। विक्की ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वो और सारा अपने प्रशंसकों के साथ खचाखच भरे थिएटर में नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में विक्की ने लिखा, हाउसफुल। दिल फुल। आभारी। ये वीकेंड भरा था ढेर सारे प्यार और एक प्यारे सरप्राइज से। सहपरिवार के टिकट बुक करें। जरा हटके जरा बचके ने 3 दिन में बॉक्स ऑफिस पर 21.74 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। अब सारा ने जरा हटके जरा बचके में उनके प्रदर्शन की सराहना करने के लिए दर्शकों का आभार व्यक्त किया है। सारा ने बताया, मैं वास्तव में खुद को बड़े पर्दे पर देखने से चूक गई हूं और मैं उस गर्मजोशी, प्यार और स्वीकृति के लिए उत्साह और आभार से भरी हूं।



जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com